# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025


### दशहरा अवकाश 29 से

रायपुर। अवकाश के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शासन को भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इसके पश्चात स्कूलों में अवकाश को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, दशहरा अवकाश 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक, दीपावली अवकाश 20 से 25 अक्टूबर तथा शीतकालीन अवकाश 22 से 27 दिसंबर तक रहेगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक रहेगा।






# जीएसटी पहला दिन...रायपुर के बाजार में कन्फ्यूजन, ऑनलाइन रेट कम, ऑफलाइन कीमत पहले जैसी

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

नवरात्रि के पहले दिन देशभर में नई जीएसटी दरें लागू हो गईं। 375 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स घटाया गया है, जिनमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजें जैसे- घी, पनीर, नमकीन, ड्राई फ्रूट्स शामिल हैं, लेकिन पहले दिन इसका असर बाजार में नजर नहीं आया। सोमवार को जब ग्राहक नई दरों का लाभ लेने बाजार पहुंचे, तो उन्हें ये सामान पुराने दामों पर ही बेचा गया। थोक और खुदरा दोनों बाजारों में नई दरों का कोई खास असर नहीं दिखा। छूट मांगने पर दुकानदारों का कहना था कि सरकारी विभाग से कोई स्पष्ट आदेश नहीं मिला है, इसलिए वे अभी पुराने रेट पर ही सामान बेच रहे हैं। हरिभूमि ने रविवार को नई जीएसटी लागू होने से पहले और सोमवार को बाद में बाजार दरों की पड़ताल की। जांच में सामने आया कि आटा, चावल, दाल, बिस्किट, नमकीन जैसी रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि अधिकतर किराना दुकानों में अभी भी कच्चे बिल का चलन है, जिससे जीएसटी में कमी का लाभ ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा।

शहर के बड़े शॉपिंग मॉल्स में भी नई दरों का मिला-जुला असर देखने को मिला। घी, पनीर और ड्राई फ्रूट्स जैसी कई वस्तुएं अभी भी पुराने रेट ▶▶|शेष पेज 7 पर

## ज्यादातर किराना दुकानों में अभी भी कच्चे बिल का चलन, इसलिए जीएसटी में कमी का लाभ ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा

### जीएसटी घटा, फिर भी चावल और तेल के बढ़े दाम

नई जीएसटी दरें लागू होने के बाद जहां रोजमर्रा की कई चीजों के सस्ते होने की उम्मीद थी, वहीं चावल और तेल की कीमतों में उलटा इजाफा देखने को मिला है। कृति गोल्ड तेल की कीमत रविवार को 2100 रुपए थी, जो सोमवार को बढ़कर 2160 रुपए हो गई, जबकि नई जीएसटी दर के अनुसार इसमें गिरावट होनी चाहिए थी। इसी तरह अब्बा हजूर चावल, जो पहले 54 रुपए किलो मिल रहा था, अब बढ़कर 59 रुपए किलो हो गया है।



### ऑनलाइन में दिखा जीएसटी का असर

सरकार द्वारा नूडल्स, पास्ता और कॉर्न फ्लेक्स जैसे पैक्ड फूड आइटम्स पर जीएसटी दर 12-18% से घटाकर 5% किए जाने का असर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर दिखने लगा है। येप्पी नूडल्स (70 ग्राम) पहले 43 रुपए में बिक रहा था, जो सोमवार दोपहर तक उसी कीमत पर बना रहा, लेकिन स्टॉक अपडेट के बाद कीमत घटने की संभावना है। मदर डेयरी घी की कीमत 675 से घटकर 645 रुपए और आइसक्रीम 195 से घटकर 180 रुपए में उपलब्ध हुई। हालांकि, कई ऑनलाइन साइट्स पर इन उत्पादों की डिलीवरी अस्थायी रूप से रोकी गई है ताकि नए टैक्स स्लैब के अनुसार मूल्य अपडेट किए जा सकें। इस वक्त ऑनलाइन बाजार थोक बाजार से भी सस्ता नजर आ रहा है, जिससे ग्राहक डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं।

## दुकानदारों से की 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेचने की अपील

# देशभर में 'बचत उत्सव', पीएम मोदी बोले सबको फायदा, स्वदेशी अपनाने का आग्रह

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जीएसटी बचत उत्सव' पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा, इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा।*

### जनता के नाम प्रधानमंत्री मोदी का खुला पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से बचत को बढ़ावा मिलेगा। समाज के हर वर्ग को सीधे फायदा होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 2047 तक विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलना जरूरी है। देशवासियों के नाम 'एक्स' पर पोस्ट किये गए एक खुले पत्र में, उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी (माल एवं सेवा कर) सुधार लागू होने के साथ पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस वर्ष त्योहारों पर हमें एक और उपहार मिल रहा है। इन सुधारों से बचत को बढ़ावा मिलेगा और समाज के हर वर्ग- किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग को सीधे फायदा होगा। वे अधिक विकास और निवेश को प्रोत्साहित करेंगे तथा प्रत्येक राज्य और क्षेत्र की प्रगति में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### वाहनों के शोरूम पर उमड़े लोग बना रिकॉर्ड

कारों की कीमतों में आई गिरावट को देखते हुए देशभर के वाहन शोरूम में खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया ने पिछले कई वर्षों में एक दिन की बिक्री का नया रिकॉर्ड बना दिया। अग्रणी वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसकी खुदरा बिक्री सोमवार शाम को ही 25,000 इकाई का आंकड़ा ▶▶|शेष पेज 7 पर



### राज्यों से कहा-स्वदेशी के लिए करें प्रोत्साहित

पीएम ने कहा, 'आइए हम गर्व से कहें - हम जो खरीदते हैं वह स्वदेशी है। आइए हम गर्व से कहें - हम जो बेचते हैं वह स्वदेशी है।' मोदी ने कहा, 'मैं राज्य सरकारों से भी उद्योग, विनिर्माण को प्रोत्साहित करने और निवेश के माहौल में सुधार करने का आग्रह करता हूं।'

### उद्यमियों से की बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर में स्थानीय उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से सोमवार को मुलाकात की और उनसे बातचीत भी की। पीएम मोदी ने इंदिरा गांधी पार्क में अपने जनसभा स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी को देखा और वहां व्यापारियों से बातचीत की।

### चार पहिया वाहनों में ऐसी कटौती

- मारुति सुजुकी इंडिया की कारों में 1.29 लाख रुपए तक की कटौती
- टाटा मोटर्स की गाड़ियों में 75,000 रुपए से 1.45 लाख रुपए तक कमी
- महिंद्रा एंड महिंद्रा की कीमतों में 1.56 लाख रुपए तक कम हुए
- हुंदै कारों की कीमतों 60,640 रुपये से लेकर 2.4 लाख रुपए तक कम
- किआ इंडिया की गाड़ियों की कीमतों में 4.48 लाख रुपए तक की कटौती

### इधर, नवरात्रि पर एक और सौगात

#### 25 लाख परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन

केंद्र सरकार नवरात्र के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 25 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन बांटेगी। इसके साथ ही देशभर में उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल संख्या बढ़कर 10.6 करोड़ हो जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को सरकार प्रत्येक कनेक्शन पर 2,050 रुपये खर्च करेगी, जिसमें एक मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, गैस चूल्हा, रेगुलेटर और अन्य संबंधित उपकरण शामिल होंगे। इसे महिलाओं के लिए नवरात्र का उपहार बताते हुए पुरी ने कहा कि उज्ज्वला का विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी, माओवाद पर तगड़ा प्रहार

# 40-40 लाख के दो ईनामी नक्सली मारे गए, केंद्रीय समिति के थे सदस्य



राजू दादा — कोसा दादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

नारायणपुर जिले के माड़ में घंटों चली मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त सीपीआई माओवादी केंद्रीय समिति सदस्य राजू दादा कट्टा रामचंद्र रेड्डी (63) और कोसा दादा कादरी सत्यनारायण रेड्डी (67) के रूप में हुई है। दोनों पर केवल छग राज्य में 40-40 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों में लाखों रुपए का ईनाम घोषित था जिन्हें मिलाकर दोनों पर करोड़ों रुपए का ईनाम घोषित था। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से एके 47 राइफल, इंसास राइफल, बीजीएल लॉन्चर समेत भारी मात्रा में विस्फोटक, माओवादी साहित्य एवं अन्य सामग्री बरामद किया है। दो शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने से एक ओर जहां नक्सल संगठन को ▶▶|शेष पेज 7 पर

- छग-महाराष्ट्र स्थित अंतर्राज्यीय सीमा पर घंटों चली मुठभेड़

### शाह बोले- नक्सलियों के खिलाफ बड़ी जीत



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों के दो शीर्ष नेताओं को मार गिराकर उनके खिलाफ एक बड़ी जीत हासिल की है। कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कादरी सत्यनारायण रेड्डी को मार गिराया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, हमारे सुरक्षा बल व्यवस्थित तरीके से नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व का सफाया कर रहे हैं और 'लाल आतंक' की रीढ़ तोड़ रहे हैं।

### मार्च-2026 तक नक्सलमुक्त भारत का सपना होगा साकार



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों की ओर से चलाए गए सफल अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक निर्णायक पड़ाव ही नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ में शांति, सुरक्षा और विकास की प्रक्रिया को और भी गति प्रदान करती है। उनकी बहादुरी और समर्पण से ही प्रदेश आज शांति और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।






#### हैरान करने वाला मामला

# विमान के पहिये के पास छिपकर काबुल से दिल्ली पहुंचा किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अफगानिस्तान से एक 13 साल का किशोर विमान के पहिये में छिपकर काबुल से दिल्ली पहुंच गया। किशोर को इमिग्रेशन विभाग ने अपने हिरासत में रखा हुआ है और उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि किशोर ईरान जाना चाहता था। इमिग्रेशन विभाग किशोर को वापस काबुल भेजने की प्रक्रिया कर रहा है।



### टॉयलेट की जगह कॉकपिट में घुसने की कोशिश, हड़कंप

मुंबई। एअर इंडिया एक्सप्रेस की 22 सितंबर को बेंगलुरु से वाराणसी जाने वाली उड़ान के दौरान एक यात्री टॉयलेट की तलाश में कॉकपिट प्रवेश क्षेत्र में पहुंच गया। विमानन कंपनी ने बताया कि मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई और घटना की जांच जारी है। यात्री ने पुलिस को बताया है कि वह पहली बार हवाई जहाज में चढ़ा था और कॉकपिट को टॉयलेट समझ कर गेट खोलने की कोशिश कर रहा था।

#### भारत बनाएगा बॉडीगार्ड सैटेलाइट

# स्पेस वॉर में दुश्मन की हर चाल पर अब रहेगी नजर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत लगातार अपनी सैन्य क्षमताओं में इजाफा कर रहा है। इसी कड़ी में देश अब अंतरिक्ष को लेकर अपनी सुरक्षा रणनीति को और मजबूत करने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक भारत सरकार ने खास योजना बनाई है, जिसके तहत बॉडीगार्ड सैटेलाइट्स तैयार किए जाएंगे। इनका काम होगा भारतीय उपग्रहों को दुश्मन देशों की संभावित चालों और हमलों से बचाना। जैसे एस 400 डिफेंस ▶▶|शेष पेज 7 पर



### चीन-पाकिस्तान का दबाव

भारत और चीन के बीच सीमा को लेकर तनाव पहले से ही है। 2020 की गलवान झड़प इसका उदाहरण है। अब चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी अंतरिक्ष मोर्चे पर भी बड़ी चुनौती है। मई 2025 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ था, उस समय चीन ने पाकिस्तान को सैटेलाइट कवरेज में मदद दी थी। यही कारण है कि भारत अपनी अंतरिक्ष सुरक्षा क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

# रतनपुर में मां महामाया का सिर तो अंबिकापुर में धड़ है स्थित ऐतिहासिकता व आध्यात्मिक के साथ पुरातात्विक महत्व

छत्तीसगढ़ में मां महामाया के दो प्रमुख और अत्यंत प्रसिद्ध मंदिर हैं। आस्था के प्रमुख केंद्र हैं और अपनी ऐतिहासिकता व आध्यात्मिक महत्व के लिए दोनों मंदिर जाने जाते हैं। एक बिलासपुर के रतनपुर में और दूसरा अंबिकापुर में। एक प्रचलित मान्यता के अनुसार अंबिकापुर स्थित महामाया मंदिर में महामाया देवी का धड़ स्थित है, जबकि उनका सिर बिलासपुर जिले के रतनपुर के महामाया मंदिर में है। ऐसी दंतकथा है कि मराठा सैनिकों ने मूर्तियों को अपने साथ ले जाना चाहा, लेकिन सफल न होने पर उन्होंने मूर्ति का सिर काट लिया और रतनपुर की ओर चल पड़े। दैवीय प्रकोप से हर मील पर एक सैनिक की मृत्यु होती गई, और अंततः सिर रतनपुर में स्थापित हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार रतनपु स्थित मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। यह भी माना जाता है कि यहां माता सती का दाहिना स्कंध (कंधा) गिरा था। भगवान शिव ने स्वयं यहां प्रकट होकर इसे 'कौमारी शक्तिपीठ' का नाम दिया था। महामाया मंदिर रतनपुर की बात करें तो मंडप 16 स्तंभों पर टिका हुआ है, जो एक बेजोड़ स्थापत्य कला का नमूना है। यह मंदिर उत्तर की ओर मुख करके नागर शैली की वास्तुकला में बना है। कोई भी सहायक मंदिरों, गुंबदों, महलों और किलों के स्कोर को देख सकता है, जो कभी मंदिर और रतनपुर साम्राज्य के शाही घराने में स्थित थे। परिसर के भीतर, कांतिदेवल का मंदिर भी है, जो समूह का सबसे पुराना मंदिर कहा जाता है कि इसे 1039 में संतोष गिरि नामक एक तपस्वी द्वारा बनवाया गया था। बाद में 15 वीं शताब्दी में कलचुरी राजा पृथ्वीदेव द्वितीय द्वारा इसका विस्तार किया गया।



महामाया मंदिर रतनपुर का मंडप 16 स्तंभों पर टिका हुआ है, जो एक बेजोड़ स्थापत्य कला का नमूना है

**तीनों रूपों में विराजमान हैं मां महामाया:** मां महामाया को 'कोसलेश्वरी' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि वे पुराने दक्षिण कोसल क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी हैं। रतनपुर में मां महामाया देवी अपने तीनों रूपों - महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली में दर्शन देती हैं। मंदिर के गर्भगृह में माता की दोहरी प्रतिमा स्थापित है। इसमें सामने महालक्ष्मी और पीछे महासरस्वती का रूप है। महाकाली का स्वरूप भी यहीं समाहित माना जाता है। यह माना जाता है कि इन तीनों रूपों में समाहित मां का स्वरूप ही महामाया देवी की संज्ञा पाता है। मंदिर परिसर में नगर कोतवाल काल भैरव की 12 फीट की विशाल प्रतिमा भी स्थापित है। भैरवनाथ की प्रतिमा का श्रृंगार भगवान शिव के रूप में किया जाता है।

### अंबिका देवी के नाम पर पड़ा 'अंबिकापुर' का नाम

अंबिकापुर (सरगुजा जिला मुख्यालय) के पूर्वी पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। इस मंदिर में विराजमान देवी महामाया को 'अंबिका देवी' के नाम से भी जाना जाता है। इसी अंबिका देवी के नाम पर सरगुजा जिला मुख्यालय का नाम 'अंबिकापुर' पड़ा। मंदिर का निर्माण सरगुजा के महाराजा रघुनाथ शरण सिंहदेव ने करवाया था। सरगुजा राजपरिवार इन्हें अपनी कुलदेवी के रूप में पूजता रहा है। रियासत काल में जब राजा पूजा करने जाते थे, तो मां की मूर्ति के सामने एक बाघ बैठा रहता था, जिसे सैनिकों को हटाना पड़ता था, तब जाकर राजा दर्शन कर पाते थे।

दंतेश्वरी मंदिर में तेल के 6050, घी के 756 जगमगाएं आस्था के दीप

## लंदन से 6, अमेरिका के 2 व कनाडा के 3 भक्तों ने जलवाई मनोकामना ज्योति



**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्र पर्व सोमवार को माता दंतेश्वरी मंदिर में हजारो आस्था के द्वीप प्रज्वलित किए गए। मंदिर के पुजारियों के द्वारा विधिविधान व मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना के साथ मनोकामना ज्योत प्रवज्वलित किया गया। इस दौरान माता की भक्ति में डूबे सैकड़ो श्रद्धालु सम्मलित हुए। दंतेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी कृष्णचन्द्र पाढ़ी ने बताया नवरात्र को लेकर माहभर पहले से तैयारियां की गयी। मंदिर में इस साल लगभग 6806 हजार मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किये गए। शहरवासियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु मंदिर में पहुंच कर पंजीयन कराया है। विदेशों से लगभग एक दर्जन श्रद्धालुओं ने मनोकामना द्वीप प्रज्वलित कराया। इनमे लंदन से 6 कनाडा के 3 और अमेरिका के 2 भक्त सम्मलित है। दंतेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्र पर 22 सितंबर को शुभ महूर्त पर अखंड मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किये गए। राजबाड़ा परिसर स्थित कंकालिन काली मंदिर में मंदिर में 117 मनोकामना द्वीप प्रज्वलित किये गए।

अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक, छोटे प्लाट अब नहीं बनेंगे

# अब पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की नहीं होगी रजिस्ट्री, नए कानून को राज्यपाल की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब पांच डिसमिल (2200 वर्गफीट) से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी। इस संबंध में राज्य सरकार ने जुलाई में विधानसभा सत्र में विधेयक पारित करवाया था। अब इस विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही यह कानून लागू हो गया है। खास बात ये है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पांच डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री का नियम लागू किया था।

राज्य सरकार ने कानून में बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2025 बनाया है। इसमें साफ किया गया है कि किसी भी बात के होते हुए भी कृषि भूमि का ऐसा उपखंड नहीं बनाया जाएगा जिसका क्षेत्रफल 0.05 हेक्टेयर (पांच डिसमिल) से कम हो। इस संशोधन के साथ ही अधिनियम में कुछ और बदलाव भी किए गए हैं।



### अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक

पांच डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री पर रोक का कानून बनाने के संबंध में राज्य सरकार का कहना है कि इससे अवैध प्लाटिंग पर रोक लगेगी। पूर्व में भाजपा की रमन सिंह सरकार के समय भी यह नियम था, लेकिन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कानून में बदलाव कर दिया था। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस सरकार में यह कानून बदलने के बाद बड़े पैमाने पर कृषि भूमि की अवैध प्लाटिंग के मामले बढ़ गए थे। सड़कों के आसपास की खेती की जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर कालोनी बनाई जा रही थी। लेकिन अब 2200 वर्गफीट से कम के प्लाट की रजिस्ट्री ही नहीं होगी।

### शहरी क्षेत्रों में नहीं होगा लागू

छोटे प्लाट की रजिस्ट्री पर रोक संबंधी कानून राज्य के शहरी इलाकों में लागू नहीं होगा। हालांकि ये भी साफ है कि शहरों के आसपास कृषि की जमीनें नहीं बची हैं। शहर में डायवर्टेड भूमि पर व्यावसायिक व आवासीय उपयोग के लिए पांच डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री हो सकेगी।जियो रेफरेंस नक्शे अब होंगे मान्यभू-राजस्व संहिता संशोधन अधिनियम में किए गए एक और बदलाव के तहत अब सर्वे रि-सर्वे के बाद किसी ग्राम के लिए अंतिम रूप से तैयार एवं अधिसूचित किए गए नक्शे अधिमान्य होंगे। इस संबंध में धारा 107 की उपधारा 5 के बाद यह जोड़ा गया है। सरकार का कहना है कि यह करने से सीमांकन व बटांकन के सारे विवाद समाप्त हो जाएंगे।

# कांकेर सहित 5 लोकसभाओं में कांग्रेस का वोट रक्षक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पांच चुनिंदा लोकसभा सीटों पर 'वोट रक्षक' नामक एक पायलट परियोजना शुरू की है। जहां पार्टी के उम्मीदवार 2024 के चुनावों में मामूली अंतर से हार गए थे या संदेह है।

- कांग्रेस ने 'वोट रक्षक नामक एक पायलट परियोजना शुरू की

छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा सीट इसमें शामिल है। यहां पर कांग्रेस के बीरेश ठाकुर 1884 वोट से हार गए थे। पायलट कार्यक्रम उस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है जिसे कांग्रेस ने भाजपा द्वारा कथित तौर पर वोट चोरी या मतदाता सूची में हेराफेरी के खिलाफ लडने के लिए शुरू किया है। सूत्रों के अनुसार, 'वोट रक्षक' न केवल 2024 के राष्ट्रीय चुनावों का विश्लेषण करेंगे, बल्कि बूथ स्तर पर यह भी सुनिश्चित करेंगे कि असली मतदाताओं के नाम न तो फर्जी तौर पर जोड़े जाएँ और न ही काटे जाएँ। बताया गया कि बाद में इस कार्यक्रम का विस्तार अन्य सीटों पर भी किया जाएगा। चयनित लोकसभा सीटें राजस्थान में जयपुर ग्रामीण और अलवर, छत्तीसगढ़ में कांकेर, मध्य प्रदेश में मुरैना और उत्तर प्रदेश में बांसगांव हैं।

### चुनाव के दौरान मिली थीं कई शिकायतें-बैज

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसार छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 11 में से 10 लोकसभा सीटें जीती, जबकि कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली। कांकेर संसदीय सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश ठाकुर भाजपा के भोजराज नाग से सिर्फ 1884 वोटों से हार गए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया, 'हमें कई सीटों से वोट चोरी की खबरें मिली हैं, लेकिन कांकेर की निश्चित रूप से विस्तार से जांच की जाएगी। चुनाव के दौरान वहां से शिकायतें मिली थी।

### तैयार होगी विस्तृत रिपोर्ट

पायलट परियोजना को सुविधाजनक बनाने तथा उपलब्ध मतदाता सूचियों की हार्ड कॉपी के समय लेने वाले विश्लेषण के लिए सभी पांच संसदीय सीटों में से एक सैंपल विधानसभा क्षेत्र का चयन किया जाएगा, ताकि विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा सके। साथ ही 'वोट रक्षक' की निगरानी भी की जा सके।

# जल जीवन मिशन में वित्त के निर्देशों का उल्लंघन, भुगतान को लेकर फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में जल जीवन मिशन में कामकाज पिछड़ रहा है। एक तरफ भुगतान नहीं होने से फील्ड में हालात खराब बने हुए हैं, वहीं कुछ माह पहले केन्द्रांश नहीं मिलने के बावजूद लगभग 371 करोड़ रुपए का राज्यांश जारी किया गया था। बताया गया है कि राज्यांश की राशि जारी करने के दौरान वित्त विभाग ने इसे लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे कि सिंगल विलेज योजनाओं के मामले में भुगतान किया जाए। इधर जिलों को आबंटन के बाद मल्टी विलेज वाले समूह जलप्रदाय योजना के तहत बाहर की चुनिंदा एजेंसियों को ही भुगतान किया गया। निर्देशों का पालन न होने से अब राशि वापस लेने के बाद हजारों छोटी एजेंसियों के सामने संकट की स्थिति आ गई है। बताया गया है कि भुगतान को लेकर तय किए गए अलग-अलग क्राइटेरिया की वजह से भी पेंच फंस रहा है। वहीं निर्माण एजेंसियों को पीछे हटना पड़ रहा है। संबंधित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने में दिक्कतें हैं। निर्माण एजेंसियों का दावा है कि काम पूरा होने के बावजूद राशि नहीं मिलने से अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने में दिक्कत होगी। हर घर नल से जल के प्रमाणन के बावजूद कई तकनीकी और दस्तावेजी आपत्ति लगाकर भुगतान रोके जा रहे हैं।



### राशि वापस करने का फरमान

विभागीय सूत्रों के मुताबिक कुछ एजेंसियों को भुगतान करने के बाद विभाग ने राज्यांश की राशि वापस करने का फरमान जारी कर दिया। अब सभी खंड कार्यालयों से आबंटित राशि वापस ली जा रही है। रायपुर, सारंगढ़ बिलाईगढ़, गरियाबंद, धमतरी, बेमेतरा, महासमुंद समेत कई जिलों से राशि वापस हो गई है। बताते हैं कि लगभग सभी जिलों से राशि वापस ली जा रही है। इसके कारण फिर असंतोष नजर आने लगा है। भुगतान के बिना ही राशि वापस लेने के बाद अब संबंधित एजेंसियां भी लामबंद हो रही हैं।

### एसोसिएशन ने दी चेतावनी

कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीरेश शुक्ला ने छोटी एजेंसियों का भुगतान से पहले राशि वापस लेने पर नाराजगी जताई है। जिलों को आवंटित राशि वापस ली जा रही है और भुगतान प्रक्रिया में जानबूझकर देर की जा रही है। इसका सीधा असर 200–300 छोटे ठेकेदारों पर पड़ा है। उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर एक सप्ताह पहले मिलने का समय मांगा, पर अब तक कोई जवाब नहीं आया। इस अनदेखी से प्रदेशभर के ठेकेदारों में भारी नाराजगी है। मामले में एसोसिएशन ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

# कुएं के गड्ढे में गिरा दंतैल, रेस्क्यू

**अम्बिकापुर/सीतापुर।** सोमवार को तड़के वन परिक्षेत्र सीतापुर अंतर्गत ग्राम सरना खजूरपारा में एक दंतैल कुआं बनाने के लिए खोदे गहरे गड्ढे में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने जेसीबी से रास्ता बनवाया तो गड्ढे से निकलकर जंगल की ओर चला गया। सोमवार को तड़के 4 बजे दंतैल ग्राम सरगा खजूरपारा बस्ती में घुस गया इस दौरान बस्ती किनारे बने एक घर के किनारे पगडंडी से गुजरने के दौरान दंतैल फिसलकर कुआं बनाने के लिए पूर्व में खोदे गए 25 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में कीचड़ एवं पानी होने के कारण दंतैल फस गया। उपवन मंडलाधिकारी सपना मुखर्जी के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र सीतापुर की टीम पहुंची। वन अमले के पहुंचने के उपरांत जेसीबी पहुंची। स्थल निरीक्षण के उपरांत जेसीबी से गड्ढे की मिट्टी काटकर स्लोप तैयार किया गया।




हरिभूमि HEALTH CARE

छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Gold Medalist, IUK) MD (Pathology, Utkal University)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG), F.M.A.S FRM (Gujarat University), DRM (Germany) स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
उपलब्ध विशेषताएं
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • यौन रोग
• आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सिस्ट, सोनोग्राफी,
• बांझपन का संपूर्ण इलाज
• सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण)
• गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर

मंगलवार 23 सितंबर 2025

आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया

वर्ष : 24, अंक : 68

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**

अधि. 33.5

न्यून. 23.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## नान घोटाले में शुक्ला टूटेजा गिरफ्तार दिल्ली में होगी पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरेंडर करने पहुंचे सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. आलोक शुक्ला को ईडी ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ ही ईडी ने अनिल टूटेजा को भी अरेस्ट किया है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद ईडी की स्पेशल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 16 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। दोनों पूर्व अफसरों की गिरफ्तारी 10 वर्ष पूर्व राज्य के चर्चित नान घोटाला में की गई है। उन पर आरोप है कि अपने पद तथा पॉवर का दुरुपयोग करते हुए जांच प्रभावित करने ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ दोनों आरोपियों की ईडी के मिली 16 अक्टूबर तक रिमांड

### यह है पूरा मामला

नागरिक आपूर्ति निगम में बड़े पैमाने पर चावल, नमक सहित अन्य खाद्य पदार्थों के परिवहन तथा भंडारण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने 12 फरवरी 2015 को राज्य के अलग-अलग जिलों के 28 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। ▶▶| शेष पेज 7 पर

# रविवि प्रदेश का पहला विवि, जिसका होगा अपना झंडा, छात्र ही तैयार करेंगे डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि का अब अपना झंडा होगा। ध्वज निर्माण के बाद यह प्रदेश का पहला शासकीय विश्वविद्यालय होगा, जिसका अपना ध्वज होगा। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों का अपना लोगो होता है, जिसका प्रयोग वे अंकसूची सहित दस्तावेजों व शासकीय कार्यों में करते हैं, लेकिन ध्वज की विशेष आवश्यकता नहीं होने के कारण इसका निर्माण किसी विवि द्वारा नहीं किया गया। ध्वज के इतर लोगो अनिवार्य होता है ताकि कागजी कार्य निर्बाध रूप से किए जा सकें। वहीं ध्वज की अनिवार्यता किसी भी कार्य विशेष के लिए नहीं है। देश के अन्य हिस्सों में जहां विश्वविद्यालय के अपने ध्वज हैं, वे केवल आयोजनों में अथवा प्रतिस्पर्धा के दौरान प्रतिनिधित्व के रुप में इसका प्रयोग करते हैं। स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी इस ओर अब तक विशेष प्रयास नहीं किए गए अथव कोई सुझाव या प्रस्ताव नहीं मिला। अब विवि द्वारा इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यपरिषद की बैठक में इसे लेकर प्रस्ताव रखा गया था, जिसे पारित कर दिया गया।

अलग खबर

## कार्यपरिषद की बैठक में फैसला, फिलहाल केवल लोगो का ही प्रयोग करता है रविवि

### मौजूदा सत्र में होगी प्रतिस्पर्धा

कार्यपरिषद में लिए गए फैसले के अनुसार, विवि के ध्वज का निर्माण छात्र ही करेंगे। ध्वज निर्माण के लिए छात्रों के मध्य प्रतियोगिता रखी जाएगी। जिस छात्र का ध्वज सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे ही विश्वविद्यालयीन ध्वज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। हालांकि प्रतियोगिता में केवल रविवि के विद्यार्थी ही हिस्सा ले सकते हैं अथवा अन्य विवि के छात्रों को भी इसकी पात्रता ▶▶| शेष पेज 7 पर



■ विद्यार्थियों के मध्य होगी स्पर्धा, बाह्य प्रविष्टियों पर विचार नहीं

### दक्षिण के विश्वविद्यालयों की अपनी पहचान

दक्षिण भारत के अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों का अपना ध्वज होता है। हालांकि अन्य हिस्सों में इसका अधिक प्रचलन नहीं है। इसके उलट हार्वर्ड यूनिवर्सिटी सहित वैश्विक स्तर पर पहचान रखने वाले विश्वविद्यालयों के पास अपना स्वयं का ध्वज होता है। शक्तिशाली प्रतीक चिन्ह के रूप में वे इसका प्रयोग करते हैं। बीते माह ए प्लस ग्रेड हासिल करने वाला रविवि भी अब इस दिशा में काम कर रहा है।

*वैश्विक पेशेवरों के लिए नए 'के-वीजा' का ऐलान, 1 अक्टूबर से चीन में होगा लागू*

# अमेरिका के एच-1बी को मात देने के लिए अब ड्रैगन का प्लान 'के'!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाकर करीब 88 लाख रुपए कर दी है। दुनिया अभी ट्रंप के वीजा फीस बढ़ाने के फैसले और उसके असर पर चर्चा कर ही रही है, इस बीच चीन ने यह मौका भुनाने की कोशिश की। चीन ने यंग आईटी और टेक एक्सपर्ट्स को लुभाने के लिए एक नई वीजा कैटेगरी 'के वीजा' की घोषणा कर दी। साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स से जुड़े लोगों के लिए ये नया वीजा लाया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶| बीजिंग/नई दिल्ली

चीन ने ट्रंप के फैसले के बाद वैश्विक पेशेवरों को अपने यहां काम करने का न्योता दिया है। बताया जा रहा है चीन ने वैश्विक पेशेवरों के लिए नए के-वीजा का ऐलान किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने विदेशियों के एंट्री और एग्जिट से जुड़े नियमों में बदलाव करने वाले एक आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नए नियम 1 अक्टूबर से लागू होंगे। चीन के मौजूदा 12 तरह के सामान्य वीजा की तुलना में, K वीजा होल्डर ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ अमेरिका के फैसले का फायदा उठाने की तैयारी में चीन

### वैश्विक पेशेवर प्रतिभाओं का चीन में स्वागत

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन अमेरिकी वीजा नीति पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। बीजिंग देश में अवसरों का पता लगाने के लिए वैश्विक पेशेवर प्रतिभाओं का स्वागत करता है।




### सैन फ्रांसिस्को में फ्लाइट से नीचे उतारे गए

सोशल मीडिया पर अमेरिका से आए ताजा वीडियो वायरल है। जिसमें सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरने वाली एमिरेट्स की एक फ्लाइट से कुछ भारतीय यात्रियों को उतारने का मामला सामने आया है। जिससे विमान के उड़ान भरने में कुल करीब तीन घंटे की देरी हुई। विमान से उतरते हुए लोगों के चेहरे पर अमेरिका लौटने की चिंता साफ तौर पर देखी जा सकती है। एक अन्य वीडियो में कुछ यात्री गलियों में खड़े हुए नजर आ रहे हैं।

### चीन की टैलेंट पॉलिसी

बीजिंग का के वीजा लॉन्च करना दरअसल उसकी एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए वह देश को अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आदान-प्रदान के लिए और ज्यादा खोलना चाहता है। इसमें शामिल हैं- एंट्री नियमों में ढील वीजा-फ्री एंट्री को बढ़ाना और 75 देशों के साथ आपसी वीजा छूट समझौते।

### दक्षिण एशिया को फायदा

अमेरिका ने एच-1बी वीजा की फीस 1 लाख डॉलर कर दी है। इसके बाद कई भारतीय और दक्षिण एशियाई प्रोफेशनल्स अब अमेरिका में करियर बनाने को लेकर सोच में पड़ गए हैं। ऐसे में चीन का के वीजा एक आकर्षक और सस्ता विकल्प बनकर सामने आ रहा है। इसमें मिलने वाली सुविधाएं और आसान शर्तें ग्लोबल एसटीइएम टैलेंट (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स प्रोफेशनल्स) के लिए बेहतर अवसर बना सकती हैं।

### जैकलीन को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप से इंकार कर दिया, जिसमें कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में ईसीआईआर रद्द करने की अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की याचिका खारिज कर दी गई थी।








| MODEL | 125 CF | 150 | NS 125 | N160 | NS 160 | NS 200 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹8 045/-* | ₹10 249/-* | ₹9 376/-* | ₹11 640/-* | ₹11 840/-* | ₹13 017/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 900/-* | ₹3 700/-* | ₹3 400/-* | ₹4 200/-* | ₹4 300/-* | ₹4 700/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 945/-* | ₹13 949/-* | ₹12 776/-* | ₹15 840/-* | ₹16 140/-* | ₹17 717/-* |



*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले परिणामी आरटीओ टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी और 1 साल की ओन डैमेज इंश्योरेन्स (OD) से प्राप्त सेविंग्स का कुल योग है. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.


कोलकाता

# देशभर में नवरात्रि पर्व की धूम
# मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब


कोलकाता


नागपुर


गुरुग्राम

**नई दिल्ली।** शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो गया है, इस अवसर पर दिल्ली के झंडेवाला, छत्तरपुर और कालकाजी मंदिर, वैष्णो देवी, मुंबई के मुंबा देवी, प्रयागराज के आलोपी शंकरी और वाराणसी के शैलपुत्री मंदिर समेत देशभर के शक्तिपीठों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कोलकाता, नागपुर, पटना सहित देश के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की दर्शनीय प्रतिमा की स्थापना की गई है। बता दें, अगले नौ दिनों तक देशभर में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई। इस वर्ष मां का आगमन गज पर हुआ है, जो सुख, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। कलश स्थापना के साथ पूजन का शुभारंभ हो गया है। इस नवरात्रि सर्वत सिद्ध योग, रवि योग और गज केसरी राजयोग जैसे कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप

### पन्नू का करीबी खालिस्तानी आतंकी कनाडा में गिरफ्तार

**वैंकूवर।** कनाडा में भारत विरोधी खालिस्तानी गतिविधियों में शामिल गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी खालिस्तानी आतंकी इंदरजीत सिंह गोसल पर बड़ा एक्शन हुआ है। इसे कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार कर लिया है। इंदरजीत को पन्नू के सबसे बड़े सहयोगियों में से एक माना जाता है। इंदरजीत सिंह गोसल को अलगाववादी संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख नामित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के पीएसओ यानी पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर के तौर पर भी जाना जाता है।

### लालू के खिलाफ अब रोजाना सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पिछले सप्ताह कहा कि वह लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के कई सदस्यों तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन घोटाले के संबंध में दर्ज धन शोधन मामले में प्रतिदिन सुनवाई करेगी। बार एंड बेंच की एक खबर के अनुसार, 20 सितंबर को पारित आदेश में विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने कहा कि आरोपियों को केस दस्तावेजों की स्पष्ट प्रतियां देने के मुद्दे को सुलझाने के लिए मामले की रोजाना सुनवाई 13 अक्टूबर से की जाएगी।

## अहमदाबाद हादसा : सुप्रीम कोर्ट ने एयर इंडिया दुर्घटना पर उठाए गंभीर सवाल

# पायलट को जिम्मेदार ठहराना गलत, केंद्र सहित अन्य एजेंसियों को नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया विमान हादसे की स्वतंत्र जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन गेटविक जाने वाली एयर इंडिया फ्लाइट एआई171 उड़ते ही क्रैश हो गई थी जिसमें कुल 265 लोगों की मौत हो गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार और सिविल एविएशन मंत्रालय, डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह नोटिस केवल इस उद्देश्य से जारी किया जा रहा है कि जांच स्वतंत्र, निष्पक्ष और शीघ्र हो सके। कोर्ट ने कहा, शुरुआती जांच रिपोर्ट में दुर्घटना के लिए पायलट की गलती को जिम्मेदार ठहराने वाला वाक्य दुर्भाग्यपूर्ण है।

**खास बातें**
- स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की शुरू
- जून में हुआ था हादसा, 265 की गई थी जान



### अब भी संभावित खतरे में हैं यात्री

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि दुर्घटना को 100 दिन से ज्यादा हो चुके हैं। लेकिन अब तक केवल प्रारंभिक रिपोर्ट सामने आई है। इसमें न तो हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा किया गया है और न ही भविष्य में सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियों का जिक्र है। उन्होंने चेतावनी दी कि बोइंग विमान से यात्रा कर रहे यात्री आज भी संभावित खतरे में हैं। भूषण ने यह भी तर्क दिया कि हादसे की जांच के लिए नियुक्त पांच सदस्यीय समिति में से तीन अधिकारी डीजीसीए से हैं, जबकि डीजीसीए की भूमिका खुद जांच के दायरे में आ सकती है। ऐसे में हितों का गंभीर टकराव है और यह समिति निष्पक्ष जांच करने में सक्षम नहीं मानी जा सकती।

**कई अहम जानकारियां दबाई गईं**

*यह याचिका कैप्टन अमित सिंह के नेतृत्व वाले विमानन सुरक्षा एनजीओ कॉन्स्टिट्यूशन बाय सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन की ओर से दाखिल की गई है। इसमें एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि कई अहम जानकारियां दबाई गईं और पूरी जिम्मेदारी पायलट पर डाल दी गई।*

### 'मानहानि को गैर-आपराधिक बनाने का समय आ गया है'

#### डिफेमेशन केस में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मानहानि मामले की सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी की है। उच्चतम न्यायालय ने द वायर मीडिया आउटलेट से संबंधित मामले पर विचार करते हुए कहा है कि मानहानि के मामलों को आपराधिक श्रेणी से हटाए जाने का समय आ गया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2016 के अपने एक फैसले में आपराधिक मानहानि कानूनों की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा था कि प्रतिष्ठा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और सम्मान के मौलिक अधिकार के अंतर्गत आता है। अब कोर्ट ने इससे अलग टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की है जिसमें जेएनयू की एक प्रोफेसर द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में न्यूज आउटलेट द वायर को जारी समन को चुनौती दी गई थी।

#### यह है मामला

बार एंड बेंच की रिपोर्ट एक रिपोर्ट के मुताबिक यह मामला द वायर की उस न्यूज रिपोर्ट से जुड़ा है जिसमें कहा गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह जेएनयू के शिक्षकों के एक ग्रुप की संचालक थीं, जिन्होंने 200 पन्नों का एक डोजियर तैयार किया था जिसमें जेएनयू को 'संगठित सेक्स रैकेट का अड्डा' बताया गया था। इस रिपोर्ट के बाद सिंह ने 2016 में द वायर और उसके रिपोर्टर के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

## गड़बड़ी के आरोपों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

# 'सुरक्षित रखी जाएं डीयू चुनाव की सभी ईवीएम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ (डूसू) चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप में नोटिस जारी किया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस मिनी पुष्करणा की बेंच ने डीयू अध्यक्ष पद पर चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने अंतरिम आदेश में कहा कि इस चुनाव के लिए डीयू द्वारा नियुक्त चुनाव आयुक्त को सुनिश्चित करना होगा कि सभी ईवीएम और संबंधित दस्तावेज सुरक्षित ताले में रखे जाएं। बता दें कि यह याचिका नेशनल स्टूडेंट ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की उम्मीदवार जोसलिन नंदिता चौधरी और पूर्व डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री द्वारा लगाई गई है। याचिका में आरोप लगाया कि डूसू अध्यक्ष पद के चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई।




#### यह है आरोप

शिकायतकर्ता रौनक खत्री ने याचिका में दावा किया कि 18 सितंबर को हुए डूसू चुनाव के दौरान कई कॉलेजों में गंभीर गड़बड़ियां हुईं। खत्री का आरोप है कि ईवीएम पर स्याही के निशान एक खास उम्मीदवार के नाम के सामने पहले से लगाए गए थे। पूर्व डूसू अध्यक्ष का कहना है कि इससे मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की गई, जिससे चुनाव की पारदर्शिता को भी नुकसान हुआ। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता ने याचिका में कहा कि इस मामले की शिकायत चुनाव अधिकारियों और डीयू प्रशासन को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता का दावा है कि यह गड़बड़ी सिर्फ एक कॉलेज नहीं, बल्कि कई जगहों पर देखी गई है।

#### दिल्ली यूनिवर्सिटी ने जताया विरोध

दिल्ली यूनिवर्सिटी ने चुनाव रद्द करने की मांग का विरोध किया है। डीयूएसयू चुनाव का रिजल्ट जारी होने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने आर्यन मान और कुणाल चौधरी को नोटिस जारी किया था, इन्हें यह नोटिस चुनाव की निर्धारित गाइडलाइंस का पालन न करने को लेकर जारी किया गया था। अब इस मामले लेकर अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।

# देश का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट स्कैम रिटायर्ड बैंकर से हुई 23 करोड़ की ठगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के साउथ जिले में रिटायर्ड बैंकर डिजिटल अरेस्ट स्कैम का शिकार हो गए। उनसे किसी ने 22 करोड़ 92 लाख की ठगी की है। फर्जी कॉलर्स ने खुद को एनआईए, मुंबई पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अफसर बताकर बुजुर्ग को अपने जाल में फंसाया और फिर करीब 23 करोड़ रुपये की ठगी की। 1 अगस्त को साउथ दिल्ली में रहने वाले रिटायर्ड बैंकर नरेश मल्होत्रा को अचानक एयरटेल हेडक्वार्टर बताकर एक कॉल आया। कॉलर ने दावा किया कि उनका लैंडलाइन नंबर मुंबई में आतंकियों द्वारा इस्तेमाल हुआ है और पुलवामा हमले में टेरर फंडिंग उन्हीं के आधार कार्ड से हुई है। बुजुर्ग को कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस और एनआईए का अफसर बताकर धमकाया कि उन्हें तुरंत अरेस्ट किया जाएगा। फिर वीडियो कॉल पर उनके घर, कमरे, नौकर और बैंक डिटेल तक की जानकारी ली गई। अगले ही दिन आरोपियों ने मल्होत्रा को विश्वास दिलाया कि उनके बैंक अकाउंट्स की जांच हो रही है। स्टॉक्स बेचने और बैंक ट्रांसफर के नाम पर 1 महीने में बुजुर्ग से 22 करोड़ 92 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए। फ्रॉड करने वालों ने सुप्रीम कोर्ट का फर्जी ऑर्डर और आरबीआई के नकली सर्टिफिकेट भी भेजे।

- दिल्ली की घटना, पीड़ित ने सुनाई आपबीती



**एक महीने में लूटी जीवनभर की कमाई :** चार अगस्त से चार सितंबर तक चला ये डिजिटल अरेस्ट स्कैम और रिटायर्ड बैंकर अपनी जिंदगी भर की कमाई गंवा बैठे. पीड़ित ने बताया कि मुझे बताया गया कि आपके अकाउंट से टेरर फंडिंग हुई है और पुलवामा अटैक का पैसा गया है। होम मिनिस्ट्री की तरफ से यह कार्रवाई हो रही है।

#### साइबर यूनिट ने 12 करोड़ करा दिए फ्रीज

नरेश मल्होत्रा ने पहले इस बारे में किसी को नहीं बताया था। लेकिन बाद में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।अब इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस की साइबर यूनिट आईएफएसओ कर रही है। जांच टीम ने फौरन एक्शन लिया और इस केस से जुड़े 12.11 करोड़ रुपये बैंक खातों में फ्रीज करा दिए हैं। साइबर यूनिट के मुताबिक, नरेश मल्होत्रा से ठगी गई रकम देशभर में अलग-अलग जगहों से निकाली गई है। आगे की जांच चल रही है।

## 1600 करोड़ रुपए की राहत पंजाब के साथ अन्याय

### राहुल ने की व्यापक पैकेज जारी करने की मांग



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए घोषित 1600 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राहत पैकेज राज्य के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने यह मांग फिर दोहराई कि पंजाब के लिए तत्काल व्यापक राहत पैकेज जारी किया जाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने बीते 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर पंजाब के लिए व्यापक राहत पैकेज जारी करने का आग्रह किया था। राहुल गांधी ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है।

### बलूचिस्तान में सो रहे लोगों पर एयरस्ट्राइक

# पाक सेना ने अपने ही नागरिकों पर बरसाए बम, 30 की मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर ज़िले में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने अपने ही घर में बम गिराये. रात को सो रहे लोगों पर हुई इस बमबारी में कम से कम 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक मारे जाने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमला खैबर जिले के तिराह इलाके में हुआ, जहां लड़ाकू विमानों ने आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। सूत्रों का कहना है कि इस बमबारी में दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं। करीब रात 2 बजे हुई इस कार्रवाई में कम से कम 8 एलएस-6 बम गिराये गए। इलाके के लोगों ने बताया कि राहत दल अब भी मलबे के नीचे से शवों की तलाश कर रहे हैं और आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।



**सो रहे औरतों-बच्चों पर बरसा दिए बम :** स्थानीय नागरिकों के मुताबिक जब बमबारी हुई, तो गांव में ज्यादातर लोग सो रहे थे। इसी बीच तेज धमाकों की आवाज आई और बमबारी इतनी ज्यादा तेज थी कि गांव का एक हिस्सा पूरी तरह से तबाह हो गया। कई घर पूरी तरह से खत्म हो गए और मलबा दिखाई देने लगा। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े हुए कुछ वीडियो दिखाई दे रहे हैं, जिसमें गांव में हुई तबाही और चीखने-चिल्लाने की आवाजें साफ तौर पर सुनाई दे रही हैं। इलाके में मलबे के अंदर से लोगों को निकाले जाने का कार्य चल रहा है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है।

#### सेना ने साधी चुप्पी

सबसे हैरानी की बात ये है कि देश के अंदर ही इस तरह की सैन्य कार्रवाई के बाद भी पाकिस्तान की सेना ने चुप्पी साध रखी है। किसी भी अधिकारी ने कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि इस घटना से पाकिस्तान की सेना का वो चेहरा उजागर हो रहा है, जो आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के नाम पर मनमानी और बर्बरता करता आया है।

## सात समंदर पार मोरक्को पहुंचे राजनाथ, भारतीय समुदाय से मुलाकात में कहा

# 'जल्द ही समय आएगा जब पीओके खुद कहेगा- मैं भी भारत हूं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को के रबात में भारतीय समुदाय से मिले। उन्होंने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर मजबूत बात कही। उन्होंने कहा कि पीओके खुद भारत का हिस्सा बनेगा। वहां के लोग नारे लगाने लगे हैं - मैं भी भारत हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने भारत की प्रगति और भारतीय समुदाय की मेहनत की भी तारीफ की।भारतीय समुदाय से बातचीत में राजनाथ सिंह ने कहा कि पीओके हमारा होगा, बिना हमला किए। पीओके के लोग खुद मांग करने लगे हैं। आपने नारे सुने होंगे। 5 साल पहले कश्मीर घाटी में भारतीय सेना को संबोधित करते हुए मैंने कहा था कि पीओके पर हमला करने की जरूरत नहीं, वो तो हमारा ही है। पीओके खुद कहेगा - मैं भी भारत हूं। वह दिन जरूर आएगा। राजनाथ सिंह ने पीओके में हो रहे बदलाव का जिक्र किया। वहां के लोग भारत से जुड़ने की बात करने लगे हैं। यह भारत की मजबूत नीति का नतीजा है।

**भारतीय समुदाय से मिले, ऑपरेशन सिंदूर पर सेना का शौर्य बताया**




**ऑपरेशन सिंदूरः संयमित लेकिन सख्त जवाब**

भारतीय समुदाय ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना की तेज कार्रवाई की तारीफ की। यह ऑपरेशन पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर कायराना हमले के बाद किया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना पूरी तरह तैयार थी। सरकार ने सेना को पूरी आजादी दी थी। लेकिन भारत ने संयम बरता. कार्रवाई बढ़ाने वाली नहीं थी। उन्होंने रामचरितमानस से उद्धरण दिया कि हमने धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारा है। मतलब, हमने गलत काम करने वालों को सजा दी, लेकिन जरूरत से ज्यादा नहीं। यह भारत की मजबूत लेकिन शांतिपूर्ण नीति दिखाता है। समुदाय ने सेना की बहादुरी पर तालियां बजाईं।

#### रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत मोरक्को के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के बीच सोमवार को रबात में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू की खास बात यह है कि ये दोनों देशों की बढ़ती साझेदारी के लिए एक मजबूत संस्थागत संरचना प्रदान करता है। साथ ही रक्षा उद्योग, संयुक्त अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्रालय ने 22 सितंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें यह भी बताया कि बैठक में दोनों नेताओं ने रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है।

## यूएनजीए की बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर हैं भारत के विदेश मंत्री

# टैरिफ संकट के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री से होगी जयशंकर की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से संबंधों में उपजे तनाव, द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर जारी खींचतान के बीच सोमवार देर रात भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों के बीच भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं (टैरिफ, व्यापार समझौते सहित) के अलावा क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किए जाने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जयशंकर, रुबियो की यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक अहम बैठक से इतर होगी। भारत पर लगाए गए अमेरिकी टैरिफ के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच यह पहली द्विपक्षीय बैठक होगी। पूर्व में महासभा के इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिरकत करने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे।



# छग के मुख्यमंत्री साय द्वारा मां मातंगी धाम के







# पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 प्रेमासाई जी महाराज का सम्मान

राजधानी स्थित एक प्रतिष्ठित निजी होटल में आयोजित 'निखरता छत्तीसगढ़ कॉन्क्लेव 2025' में माँ मातंगी धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमसाई जी महाराज को 11,000 किलो सूखी लाल मिर्च से माँ बगलामुखी महायज्ञ का भव्य अनुष्ठान कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस विशेष आयोजन में छत्तीसगढ़ की कई जानी-मानी हस्तियाँ मौजूद रहीं। छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक धरती ने एक बार फिर अपनी आभा से संपूर्ण विश्व को आलोकित किया है। माँ मातंगी दिव्य धाम को 26 जनवरी 2025 को वर्ल्ड बुक ऑफरिकॉर्ड, लंदन द्वारा विशेष सम्मान से विभूषित किया गया। यह गौरव केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष की आत्मा को स्पंदित करने वाला क्षण सिद्ध हुआ था। माँ बगलामुखी महायज्ञ के माध्यम से स्थापित इस अनूठे आध्यात्मिक कीर्तिमान ने भारतीय सनातन साधना की शक्ति को विश्व पटल पर उजागर किया। जब लंदन की धरती पर भारत का नाम गूँजा, तो समूचे छत्तीसगढ़ ने भी गर्व और आस्था का आलोक अनुभव किया।

आगामी कुछ ही महीनों में लंदन स्थित ऐतिहासिक संसद भवन में वर्ल्ड बुक ऑफरिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा महाराज जी को औपचारिक सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें विश्व कीर्तिमान का प्रमाण-पत्र भेंट कर उनकी अद्वितीय साधना एवं लोककल्याणकारी अनुष्ठान की वैश्विक मान्यता अभिव्यक्त की जाएगी।


## अस्थमा के रोग पल भर में दूर होते हैं

देवभूमि कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में एकमात्र दिव्य दरबार मां मातंगी दिव्यधाम के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 प्रेमासाई जी महाराज का नाम छत्तीसगढ़ सहित देश-विदेश तक धूमकेतू की तरह चमक रहा है... अनेक विद्याओं में पारंगत होने वाले प्रमासाई जी महाराज ने कठिन तपस्या कर मां मातंगी का विशेष आर्शीवाद प्राप्त किया है... साथ ही महाराज प्रेमासाई जी को त्रिकालदर्शी गुरुदेव सहित मां बगुलामुखी एवं मां छिन्नमस्ता के भी दुर्लभ दर्शन विशेष आर्शीवाद प्राप्त है... जिनकी कृपा पाकर आज जनहित का कार्य बखूबी निभा रहे हैं... अपने अध्यात्म की अलौकिक शक्ति का अलख जगाने वाले प्रेमासाई जी महाराज के दरबार में आने वाला प्राणी समस्याओं को लेकर आता जरूर है किंतु समाधान पाकर पूर्ण रूप से संतुष्ट होकर जाता है... मां मातंगी धाम में पर्चा दर्शन से सभी प्रकार की समस्या का समाधान किया जाता है... मां मातंगी की कृपा से धाम में इस कदर चमत्कार होते हैं कि भक्तों के कष्ट पल भर में दूर हो जाते हैं...

वैसे तो मां मातंगी धाम भूत, प्रेत, बाधा, आर्थिक तंगी और शत्रुनाश के लिए जाना जाता है... लेकिन इस धाम में असाध्य और जटिल रोग कहे जाने वाले अस्थमा का निशुल्क इलाज भी होता है... इलाज का तरीका भी इतना रोचक कि इंसान विवश हो जाता है कि आखिर धुंए मात्र से अस्थमा का इलाज कैसे संभव है... किंतु प्रत्यदर्शियों के मात्र 3 दिनों में 3 खुराक धुंए से असाध्य रोग अस्थमा को जड़ से समाप्त किया गया। उदाहरण की बात करें तो धमतरी जिले का 12 वर्षीय डार्बिन साहू जन्म से ही अस्थमा रोगी था। धाम की तीन खुराक से हांफते रहने वाला बालक दौड़ते नजर आ रहा था। जो अपने आप में प्रत्यक्ष प्रमाण था। जिसकी अंग्रेजी दवाइयां बद हो चुकी थी। चिलम से निकलते धुंए से आज तक लाखों रोगियों का असाध्य अस्थमा जड़ से समाप्त करने वाले मां मातंगी धाम की महिमा चारो दिशाओं में गुंज रही है। मां मातंगी धाम के पीठाधिश्वर प्रेमासाई जी महाराज महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, ओडिसा सहित विदेशों तक सेवा भाव का चमत्कार दिखा चुके हैं। सनातन का डंका बजा चूके हैं। देश प्रेम के साथ मानव सेवा उनका एक मात्र उदेश्य है। जिसकी गूंज चहुंओर है। मानव समस्याओं का अंत नहीं है। अपनी समस्याओं से घिरा प्राणी उस दरबार की शरण अवश्य लेता है। जहां उस समस्या का निराकरण हो जाए। प्रेमासाई जी महाराज के हाथ में जस मां मातंगी, मांग बगुलामुखी एवं मां छिन्नमस्ता की कृपा से है। उनका मानना है कि जो भी करती है। तीनों शक्तियां एवं त्रिकालदर्शी गुरु की कृपा है। प्रेमा साई जी महाराज अघोर पंत के भी साधक हैं। अपने अघोर मार्ग से दीन दुनिया की सेवा करने वाले प्रेमासाई जी महाराज समय-समय पर मिर्ची हवन यज्ञ कर जनकल्याण हित कार्य भी करते हैं। 11 हजार किलो के मिर्ची हवन यज्ञ में जरा भी खरास का न होना भे कम आश्चर्य नहीं है। जिसकी महिमा दूर-दराज राज्यों सहित विदेशों में भी गाई जा रही हैं। फलस्वरूप छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों उनका भरी सभा में सम्मान भी किया गया।

सद्दानी दरबार के संत युद्धिष्ठिर लाल के साथ महाराज





केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आशीर्वाद प्राप्त करते हुए



माँ बगलामुखी विशाल यज्ञ का दिव्य दृश्य





## प्रधानमंत्री मोदी की कुलदेवी मां मातंगी

अपने उद्बोधन में डॉ. प्रेमसाई जी महाराज ने बताया कि मां मातंगी, दस महाविद्याओं में से नौवीं महाविद्या मानी जाती हैं। रायपुर से 35 किलोमीटर दूर स्थित मां मातंगी धाम में तीन महाविद्याएं – मातंगी, बगलामुखी और छिन्नमस्ता विराजमान हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कुलदेवी भी मां मातंगी हैं, जिनके दर्शन वे गुजरात स्थित मोड़ेश्वरी मातंगी मंदिर में करते हैं।

## 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' है खतरा

उन्होंने यह भी बताया कि धाम में मौजूद मां बगलामुखी की साधना विशेष रूप से शत्रुनाश, न्यायिक विजय और तंत्र बाधाओं से मुक्ति दिलाने में सहायक मानी जाती है। धाम में आने वाले अनेक लोग तंत्र-बाधा, प्रेत-बाधा और अन्य आत्मिक कष्टों से मुक्ति पाने आते हैं। कई बार यह बाधाएं धर्मांतरण या गलत जीवन मार्ग के प्रभाव से उत्पन्न होती हैं। डॉ. प्रेमसाई जी महाराज ने सामाजिक चिंताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में 'तंत्र जिहाद', 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' जैसे नए खतरे सामने आ रहे हैं, जिनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता का भी समय है।

## हिमाचल प्रदेश के रानी साहिबा का हुआ पर्चा से समाधान



रानी साहिबा श्रीमती प्रतिभा सिंह

पाँच देवी-दर्शन यात्रा के दौरान लगभग दो सौ भक्तों के साथ गुरुदेव श्री प्रेमासाई महाराज हिमाचल प्रदेश पहुँचे। उनकी यात्रा का समाचार हिमाचल स्थित राजपरिवार मंदिर के राजपुरोहित को सोशल मीडिया से प्राप्त हुआ। उन्होंने रानी साहिबा श्रीमती प्रतिभा सिंह जी को संदेश भेजा कि, "त्रिकालदर्शी माँ मातंगी दिव्य धाम सरकार यहाँ पधारे हैं। आप पारिवारिक समस्या के निवारण हेतु अवश्य ही महाराज जी से भेंट करें।"

उस समय रानी साहिबा निजी समस्याओं से घिरी हुईं और मानसिक द्विविधा में थीं। एक माह पूर्व ही उनके पति, छह बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह जी का निधन हो चुका था। गुरुदेव ने उन्हें शांतिपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया और उनकी चिंताओं का समाधान बताया। इसी दौरान गुरुदेव को माँ मातंगी से प्राप्त दिव्य संकेतों के आधार पर उन्होंने रानी साहिबा को मार्गदर्शन देते हुए कहा— "हिमाचल प्रदेश में शीघ्र ही एक सांसद का सीट खाली होने का संकेत मिल रहे है। जल्द ही उपचुनाव संकेत मिल रहा है, आपको आपके पार्टी की ओर से लोकसभा का टिकट स्वतः मिलेगा, पति का निधन होने से यह आपका दुखद समय आवश्यक है लेकिन इस प्रस्ताव को अस्वीकार न करें। आप चुनाव लड़ेंगी और विजयी होंगी।" गुरुदेव की इस दिव्य भविष्यवाणी के अनुरूप उपचुनाव हुआ। पार्टी ने बिना माँगे ही रानी साहिबा श्रीमती प्रतिभा सिंह जी को टिकट प्रदान किया। उन्होंने चुनाव लड़ा और विजय प्राप्त की। आज भी जब वे किसी दुविधा में होती हैं, तो गुरुदेव का मार्गदर्शन ग्रहण करती हैं।मार्च 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व रानी साहिबा ने मंडी लोकसभा क्षेत्र से पुनः चुनाव लड़ने के संबंध में महाराज जी से परामर्श लिया। उस समय गुरुदेव ने उन्हें मंडी लोकसभा से चुनाव न लड़ने का परामर्श दिया, जिसे मानकर रानी साहिबा ने चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया।यह संपूर्ण घटना गुरुदेव श्री प्रेमासाई महाराज की साधना, तपशक्ति, उनकी दिव्य दृष्टि और माँ मातंगी की कृपा का सजीव प्रमाण है। उनके आशीर्वाद से जीवन के संकट दूर होते हैं और भविष्य का मार्ग आलोकित होता है—इससे बड़ा चमत्कार और क्या हो सकता है!

## समस्या का समाधान, पर्चा दर्शन के माध्यम

महाराज जी ने बताया कि मां मातंगी की साधना में उपवास या कठिन तप का स्थान नहीं है। वे इतनी करुणामयी हैं कि धाम आने वाला हर भक्त दुख लेकर आता है और समाधान पाकर लौटता है। यही कारण है कि मां मातंगी धाम को छत्तीसगढ़ का पहला त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार माना जाता है, जहाँ भक्तों की समस्याओं का समाधान 'पर्चा दर्शन' के माध्यम से किया जाता है। मध्यप्रदेश स्थित बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के पर्चा दर्शन में समस्याओं को मात्र बताया जाता है। किंतु मां मातंगी धाम के पीठाधिश्वर श्री श्री 1008 प्रेमासाई जी महाराज पर्चा दर्शन में समस्याओं के साथ उसका निराकरण भी करते हैं।

## माँ मातंगी दिव्य धाम में देश-दुनिया के भक्तों का तांता



विदेशी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए महाराज

भारत, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, जापान, ब्राजील, जर्मनी, इंग्लैंड (यूनाइटेड किंगडम), फ्रांस, इटली, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, ईरान, इराक, तुर्की, थाईलैंड, वियतनाम, दक्षिण कोरिया, कनाडा, अफगानिस्तान से माँ मातंगी दिव्य धाम में देश-दुनिया के भक्तों का तांता लगा रहता है... समस्याओं से घिरे भक्तों का कष्ट दूर करने वाले पीठाधिश्वर प्रेमासांई जी महाराज अपने सहज-सरल व्यव्हार से भक्तों को जहाँ पूर्ण संतुष्टी देते हैं, वहीं भक्तगण समस्या से निजात मिलने के बाद महाराज जी के प्रति अपना आभार प्रकट करते थकते नहीं है।

विज्ञापन

**दिव्य धाम तक पहुँचने का मार्ग बड़ा ही सरल व सुगम है... राजधानी रायपुर से 40 किलोमीटर दूर अभनपुर के पास ग्राम जीजामगांव तक पहुँचने के लिए रेल्वे स्टेशन, एयरपोर्ट सेउतर कर कार द्वारा सहज रूप से पहुँचा जा सकता है... पर्यटन के रूप में दिव्य मातंगी धाम को भी सरकार की ओर से बढ़ावा दिया जाना चाहिए ऐसीभक्तों की लगातार मांग है।**

## चिंतन

# हमें तुरंत देश की प्रतिभा को आकर्षित करना होगा

दुनिया की तस्वीर बहुत तेजी से बदल रही है। एक के बाद एक ऐसे फैसले आमने आ रहे हैं जो हैरान करने वाले हैं। सबसे ज्यादा तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चौंका रहे हैं। उन्होंने एकाएक एच-1बी वीजा के नियमों में संशोधन करके भारतीय पेशेवरों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। अब अगला फैसला चीन की तरफ से आया है। अपने विकास और अपनी तकनीक को हमेशा गोपनीय रखने वाले चीन ने दुनिया भर के टैलेंट को आकर्षित करने के लिए एक नई के वीजा कैटेगरी की शुरुआत करने का ऐलान किया है। वैसे तो चीन की नई वीजा कैटेगरी को लेकर फैसला अगस्त में ही कर लिया गया था। लेकिन अब एक अक्टूबर, 2025 से ये लागू हो जाएगी। अमेरिका साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स की फील्ड से जुड़े लोगों को एच-1बी वीजा के जरिए देश में लाता रहा है, लेकिन अब यही काम चीन करने वाला है। कई देशों में वर्किंग प्रोफेशनल्स की एंट्री कड़ी की जा रही है। ऐसे में चीन ने इसका फायदा उठाते हुए नए वीजा को लॉन्च किया है, ताकि वह उन्हें देश में लेकर आ सके। दरअसल, अमेरिका ने टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग सेक्टर में जिस तरह का दबदबा बनाया है, उसके पीछे एच-1बी वीजा का बड़ा हाथ रहा है। बिना एच-1बी वीजा वर्कर अमेरिका की टेक इंडस्ट्री प्रभावित हो सकती है। चीन को ये बात अच्छी तरह से मालूम है, तभी वह चाहता है कि जिन वर्किंग प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में दिक्कत हो रही है, वो सीधे चीन आ जाएं और उसने कई तरह की सुविधाएं देने का भी वादा किया है। ऐसे में जल्द ही सारे टैलेंटेड लोग चीन का रुख भी कर सकते हैं। आवेदकों को ये वीजा तभी मिलेगा, जब वे चीनी अधिकारियों द्वारा तय की गई क्वालिफिकेशन और शर्तों को पूरा करेंगे। उन्हें इस दौरान जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी दिखाने होंगे। हालांकि, अभी वीजा की शर्तों को जारी नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही चीनी दूतावासों और महावाणिज्य दूतावासों की तरफ से इसकी जानकारी पब्लिश की जाएगी। इस फैसले से तय है कि चीन दुनियाभर की प्रतिभा अपने देश में लाने की तैयारी में है। अमेरिका के ही सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच जारी किए गए सभी एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों को मिले हैं। ट्रंप सरकार स्वदेशियों को रोजगार के अवसर की आड़ लेकर अपने यहां स्किल्ड अप्रवासियों के रास्ते धीरे-धीरे बंद कर रही है। एक तथ्य यह भी है कि अमेरिका की कई नामी कंपनियां भारतीय पेशेवरों के भरोसे ही रहती आई हैं। अमेरिका में भारी वीजा फीस देनी पड़ी तो ये कंपनियां भी अपने कार्यालय भारत व दूसरे देश में खोलने का विकल्प रख सकती हैं। अब चीन चाहता है कि वे कंपनियां उनके देश में आ जाएं। हमें भी चीन की तरह तुरंत कदम की उठाने की जरूरत है ताकि हमारे युवा अपने ही देश में रहकर विकास को रफ्तार दें। इसके लिए अभी कई तरह के प्रयास करने होंगे। क्योंकि वेतन व जीवनशैली से जुड़ी सुविधाओं का इन प्रयासों में खासा योगदान रहने वाला है। अभी हमारे शहरों में ऐसे पेशेवरों के लिए बुनियादी सुविधाओं की दिशा में काफी कुछ करना बाकी है। लेकिन इतना तय है कि बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे आइटी शहरों में पेशेवरों और स्टार्टअप्स को आकर्षित करने का यह बेहतर मौका है। समुचित सुविधाएं देने के साथ अपने ही देश में पेशेवरों को रोक कर 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में कदम तेज किए जा सकते हैं। बस जरूरत है कि कदम आगे बढ़ाने की।

## मौसम

पंकज चतुर्वेदी



# मानसून को जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में समझना होगा

इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है। बांध लबालब हैं, नदियों का पानी खेतों में प्रवेश कर गया है। भारत के मौसम विभाग के 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ये प्रकृति की नियति है लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है। हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आईओडी कहते हैं। आईओडी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आईओडी अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आईओडी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आईओडी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर हिंद महासागर बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारणए अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। आइआइटीएम पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रॉपिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसू- नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है। जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है।

बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवतः पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। भारत के लोक जीवन अर्थ व्यवस्थाए पर्व त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात मौसम विज्ञान नहीं हैं इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज एसेनिटेशन, कृषि सहित बहुत कुछ जुड़ा है। मानसून प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से लेकर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में हो वहीं जफसलों, सड़कों व शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों। खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर भी हमे नइ सिरे से रणनीति बनानी होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जनस्वास्थ्य और पृथ्वी संरक्षण में सहायक है आयुर्वेद



आयुर्वेद दिवस

डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली 'एनडीए' सरकार ने 2014 में स्वदेशी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' के लोकव्यापीकरण और विकास को लक्ष्य में रखते हुए हर साल धनतेरस यानि 'धन्वंतरि जयंती' को आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। केंद्र सरकार ने इस साल इस फैसले में तब्दीली करते हुए प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को 'आयुर्वेद दिवस' के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। इस साल मनाए जा रहे दसवें आयुर्वेद दिवस की थीम 'आयुर्वेद फॉर पिपुल एंड प्लेनेट' यानी 'आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए' निर्धारित किया गया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब विश्व समुदाय पर्यावरण प्रदूषण, अशांति, प्राकृतिक आपदाओं, संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों की चुनौतियों से जूझ रही है तथा जलवायु परिवर्तन के चलते पृथ्वी पर संकट में है तब आयुर्वेद की महति भूमिका है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा देश के अलावा विदेशों में भारतीय दूतावासों और मिशनों, अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य संगठनों और प्रवासी भारतीय संगठनों के माध्यम से इस दिवस के आयोजन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बीते साल 150 से ज्यादा देशों में नवम आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया था जिसका विस्तार इस साल किया गया है। बहरहाल इस दिवस के आयोजन से जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैश्विक पहचान मिल रही है वहीं आधुनिक विश्व में पारंपरिक भारतीय विज्ञान को वैज्ञानिक मान्यता मिल रही है जिससे देशज ज्ञान और परंपरा का संरक्षण और संवर्धन हो रहा है।

अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय आयात पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस चुनौती से निपटने के लिए 'स्वदेशी' का मूलमंत्र दिया है। इन परिस्थितियों में आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों, शिक्षकों, छात्रों, वनौषधि उत्पादकों और दवा निर्माता कंपनियों की महति जिम्मेदारी है कि वे भारत की हजारों वर्ष पुरानी स्वदेशी चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद से जुड़े सेवाओं और व्यापार को विकसित करने की दिशा में आगे आएं। भारत जैसे विकासशील देश में जिसकी बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों और इसके इलाज के बढ़ते खर्च से जूझ रहा है तब सबसे बड़ी जरूरत आरोग्य की है।आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन का विज्ञान है जो मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के साथ -साथ उसमें नैतिक गुणों का प्रादुर्भाव भी करता है जो वैयक्तिक स्वास्थ्य के साथ - साथ सामुदायिक शुचिता में भी सहायक है। आयुर्वेद के जरिए ही आरोग्य संभव है क्योंकि इसमें स्वस्थ रहने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के लिए विभिन्न मौसम अनुसार आहार, दिनचर्या और परहेज का विशद उल्लेख है।आयुर्वेद पद्धति का मूल सिद्धांत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी की चिकित्सा है यानि यह सिद्धांत विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' के 'प्रिवेंशन इज़ बेटर देन क्योर' के सिद्धांतों से तादात्म्य रखती है। आयुर्वेद के 85 फीसदी हिस्से में मनुष्य के स्वस्थ रहने के उपाय मौजूद हैं यदि कोई व्यक्ति इस पद्धति के सिद्धांतों को अपने दिनचर्या में शामिल कर ले तो वह स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्राप्त करता है।



उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा घोषित 'नवीन स्वास्थ्य नीति 2017' में भी आरोग्य यानि वेलनेस को प्राथमिकता दी गई है। आयुर्वेद में स्वास्थ्य को परिभाषित करते हुए इसे व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य पर भी बल दिया गया है। देश और दुनिया इन दिनों नित नये संक्रामक रोगों के साथ ही गैरसंचारी रोगों यानि मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, मोटापा और कैंसर की चुनौतियों से जूझ रही है। देश की एक बड़ी आबादी जिसमें छात्र,युवा और महिलाएं शामिल हैं इन दिनों मानसिक तनाव और मनोरोग के शिकार हैं। भारत जैसे विकासशील देश में गैर संचारी रोगियों की बढ़ते आंकड़े और स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते दबाव के मद्देनजर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इन चुनौतियों से निपटने में कारगर हो सकती है। वैश्विक महामारी कोविड - 19 के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बढ़ी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की तीन चौथाई आबादी विभिन्न रोगों के उपचार के लिए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपना रही है। एक दौर वह भी था जब भारत सहित पश्चिमी देश के चिकित्सा वैज्ञानिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिकता को खारिज करते रहे हैं लेकिन अब 'डब्ल्यूएचओ' सहित चिकित्सा वैज्ञानिक आयुर्वेद और योग को वर्तमान स्वास्थ्य गत चुनौतियों के मद्देनजर एक निरापद और कारगर पद्धति मानते हुए इसे वैज्ञानिक मान्यता प्रदान कर रहे हैं।


जीवनशैली से जुड़े बीमारियों के बचाव और नियंत्रण में इस चिकित्सा पद्धति की प्रभावी भूमिका के मद्देनजर अब भारत सहित दुनिया में लोगों का रूझान आयुर्वेद और योग के प्रति लगातार बढ़ रहा है। पिछले साल हुए एक नेशनल सैंपल सर्वे में पता चला है कि एक साल में करीब 46 फीसदी ग्रामीण और 53 फीसदी शहरी आबादी ने किसी न किसी रूप में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार कराया है।विश्व समुदाय का भरोसा आयुर्वेद के प्रति बढ़ने के कारण वैश्विक बाजारों में आयुर्वेद उत्पादों की धाक लगातार बढ़ रही है बीते साल 2024 में जहां इसका आकार 5,793.43 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। इस साल 2025 यह आकार 6,488.64 मिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने तथा 2034 तक 17,993.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर होने की संभावना है। देश में आयुर्वेद टूरिज्म का बाजार लगातार बढ़ रहा है फलस्वरूप इस क्षेत्र में काफी संख्या में उद्यमी और चिकित्सक आ रहे हैं जिससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा विदेशों में आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने और देश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ' हील बाय इंडिया ' और ' हील इन इंडिया ' जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

विचारणीय है कि स्वातंत्र्योत्तर भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैसा राज्याश्रय नहीं मिला जिसका वह हकदार था। वक्त ने करवट बदला और अब केंद्र सरकार द्वारा इस पद्धति के लोक व्यापीकरण और विकास के लगातार प्रयास किया जा रहा है। सरकार के कोशिशों के बावजूद देश के इस बौद्धिक संपदा के प्रति लोगों में अभी भी भ्रम है फलस्वरूप लोगों की प्राथमिकता में यह दोयम पायदान पर है। पश्चिमी देश जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बड़ी तेजी से अपना रहा है वहीं अभिजात्य तबका आयुर्वेद को अभी भी केवल सौंदर्य प्रसाधक, यौन शक्तिवर्धक, हेल्थ व फूड सप्लिमेंट माने बैठा है। दरअसल इसके पीछे वजह आयुर्वेद के प्रति पूर्वाग्रह और दुष्प्रचार है। समाज एक तबके में भ्रांति यह है कि आयुर्वेदिक दवाओं में हैवी मैटल्स मिली रहती है जिससे लिवर और किडनी खराब होती है। लोगों में यह भी भ्रान्ति है कि आयुर्वेद दवाएं देर में असर दिखलाती है या फिर दवाएं कड़वी और चूर्ण के रूप में होती है जिसके कारण सेवन में असुविधा होती है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के विकास के साथ ही आयुर्वेद के साथ एक मिथक जुड़ते गया कि इस विधा में अनुसंधान नहीं होता।

उपरोक्त भ्रांतियों के परिप्रेक्ष्य में वस्तुस्थिति यह है कि आयुर्वेद की अधिकांश दवाएं वनस्पतियों से बनती है तथा केवल रस और भस्म में धातुओं का प्रयोग होता है।औषधि निर्माण के दौरान धातुओं का शोधन शास्त्रीय विधि अनुरूप किया जाए और क्वालिफाइड आयुर्वेद विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में इसका सेवन किया जाए तो यह सुरक्षित और असरकारी होता है।आमतौर पर मरीज आयुर्वेद चिकित्सा के शरण में तब आता है जब वह वर्षों - महीनों एलोपैथिक या अन्य पैथियों का उपचार अजमा चुका होता है और कोई लाभ न होने पर आखिर में आयुर्वेद को आजमाना चाहता है तब तक रोग की जीर्णता और गंभीरता दोनों बढ़ जाती है तब भला इस पद्धति से त्वरित लाभ का सोच ही बेमानी है। आजकल आयुर्वेद दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना की गई है जहां दवाओं को आधुनिकतम कसौटी पर परखा जा रहा है। आयुर्वेद दवाएं अब टेबलेट और कैप्सूल के रूप में भी उपलब्ध हो रहे हैं जिसके चलते अब इन दवाओं के सेवन में आसानी हो रही है। वैज्ञानिक मानकीकरण के वर्तमान दौर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी वैज्ञानिक मानकों के कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है। केंद्र सरकार में पृथक आयुष मंत्रालय के स्थापना के बाद देश में जहां आयुर्वेद शिक्षा के गुणवत्ता उन्नयन के लिए कारगर प्रयास हुए हैं वहीं इस चिकित्सा पद्धति से जुड़े अनुसंधान और विकास को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है। अलबत्ता आयुर्वेद नवजात शिशु से लेकर बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित, सुलभ और सेहतमंद है। वर्तमान में गैर संचारी रोगों से बचाव और महंगे उपचार के मद्देनजर आज आवश्यकता इस चिकित्सा पद्धति के बारे में जारी भ्रांतियों को दूर कर इसे अपनाने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित

प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं। सरकारी के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्रों में भी कंप्यूटर महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में कंप्यूटर की शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।

*-रवि चतुर्वेदी, पलारी*

## करंट अफेयर

# परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग छोड़े अमेरिका : किम

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि उनके जेहन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूर्व में की गई मुलाकातों की अच्छी यादें अब भी ताजा हैं। किम ने साथ ही, लंबे समय से रुकी हुई राजनयिक स्तर की वार्ता बहाल करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया से परमाणु हथियार बनाना बंद करने संबंधी मांग छोड़ने की अपील की। रविवार को उत्तर कोरिया की संसद को संबोधित करते हुए किम ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिद्वंद्वी देश दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत शुरू करने का उनका कोई इरादा नहीं है। दक्षिण कोरिया अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप के साथ किम की शिखर बैठकों में मध्यस्थता करने में मदद की थी। किम की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क रवाना होने वाले हैं। उम्मीद है कि वह कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु तनाव पर और वार्ता की मेज पर उत्तर कोरिया के लौटने के संबंध में बात कर सकते हैं। ट्रंप के अगले महीने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया जाने की भी उम्मीद है।



## ऑफ बीट

# रोज सनस्क्रीन लगाने से विटामिन डी की कमी

हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन का उपयोग करता है, विशेष रूप से उन दिनों जब अल्ट्रावायलेट (यूवी) इंडेक्स तीन या उससे अधिक होता है, तो उसमें विटामिन डी की कमी का खतरा बढ़ सकता है। सनस्क्रीन के फ़ायदे जगज़ाहिर हैं, इसलिए हमारे निष्कर्षों का मतलब यह नहीं है कि हमें एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल छोड़ देना चाहिए। इसका मतलब है कि जो लोग रोज़ाना एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें विटामिन डी सप्लीमेंट लेना शुरू करना पड़ सकता है। यह अध्ययन हाल ही में 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है। इसमें कहा गया है कि हालांकि सनस्क्रीन के उपयोग से त्वचा कैंसर और सनस्पॉट्स जैसी समस्याओं से बचाव होता है, लेकिन नियमित उपयोग से शरीर में विटामिन डी का स्तर अपेक्षाकृत कम हो सकता है। अध्ययन में 639 वयस्कों को शामिल किया गया, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी राज्यों में रहते हैं। इन्हें दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को रोजाना एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन लगाने को कहा गया, जबकि दूसरा समूह अपनी सामान्य दिनचर्या के अनुसार सूर्य सुरक्षा उपाय करता रहा।



## ट्रेंड

### असाधारण स्नेह

आज सुबह ईटानगर में मेरा स्वागत सचमुच यादगार रहा। वंदे मातरम के नारों और नारी शक्ति व युवा शक्ति की जीवंत उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण था। अरुणाचल प्रदेश के लोगों का उत्साह और स्नेह असाधारण था।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### बचत उत्सव

नवरात्र में जीएसटी बचत उत्सव के तहत नई दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक स्टेशनरी दुकानदार से बातचीत की। दुकानदार ने बताया कि कई स्टेशनरी वस्तुओं पर नेक्स्ट-जेन जीएसटी दरों में कटौती से कीमतें कम हुई हैं, जिससे छात्रों और अभिभावकों को लाभ हुआ है।


- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री



### ऐसा प्रेम नहीं देखा

मैंने अपने जीवन में किसी कलाकार के लिए यह प्रेम नहीं देखा जैसा ज़ुबीन को लेकर आसाम और पूर्वोत्तर में है। दो दिन से प्रदेश ग़म में है। मुख्यमंत्री से लेकर गोद में शिशु लेकर रास्तों पर खड़ी माँएँ उसके गाने गा-गाकर रो रही हैं।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि



### जीएसटी में सुधार

प्रधानमंत्री ने जीएसटी काउंसिल जो एक संवैधानिक निकाय है, द्वारा किए गए संशोधनों का श्रेय खुद को देने की कोशिश की। कांग्रेस लंबे समय से यह तर्क देती आई है कि जीएसटी में सुधार जरूरी हैं।

- जयराम रमेश, कांग्रेस नेता



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# फैंस को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो चुकी है। माता रानी के इन नौ दिनों को माता के भक्त बड़ी ही आस्था और विश्वास के साथ मानते हैं। यह नौ दिन का त्योहार मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है। पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाता है। यह उत्सव 1 अक्टूबर तक चलेगा और 2 अक्टूबर को दशहरा के साथ समाप्त होगा। भूमि पेडनेकर ने सोमवार को नवरात्रि के पहले दिन अपने फैंस को इस खास दिन की शुभकामनाएं दीं और साथ ही



मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद लिया। भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के पहले दिन, जम्मू स्थित पवित्र बावे वाली माता महाकाली दरबार से, मां काली का दिव्य आशीर्वाद आपके जीवन में शक्ति, ऊर्जा और नई सफलताएं लेकर आए।' प्रीति जिंटा ने सोमवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर इंस्टाग्राम पर अपनी एक खास तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। हमेशा प्यार और प्रकाश बना रहे। जय माता दी।' हेमा मालिनी ने सोमवार को नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर अपने फैंस को बधाई दी और साथ ही दो खास तस्वीरें भी शेयर कीं।

## मोहनलाल ने की दृश्यम 3 की शुरुआत शूटिंग से पहले शेयर कीं पूजा की तस्वीरें

**मुंबई।** मलयालम अभिनेता मोहनलाल ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' के प्रोडक्शन से पहले पूजा की है। उन्होंने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म फेसबुक पर शेयर की हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है 'जॉर्ज कुट्टी की दुनिया को एक बार फिर जीवंत करते हुए, आज पूजा के साथ 'दृश्यम 3' की शुरुआत हो रही है।' आपको बता दें कि 'दृश्यम 3' मलयालम फिल्म 'दृश्यम (2013)' की सीक्वल है। क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' का निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया था। इसमें मोहनलाल और मीना अहम किरदार में थे। फिल्म में आईजी गीता प्रभाकर का बेटा खो जाता है इसके बाद जॉर्ज कुट्टी (मोहनलाल) अपने परिवार को बचाने के लिए संघर्ष करते हैं। इस फिल्म का सीक्वल 'दृश्यम 2' 2021 में आया था। इसी पर आधारित अजय देवगन की बॉलीवुड फिल्म 'दृश्यम' बनी है।

**कांतारा-1 में राजा और प्रजा में होगा युद्ध :** मुंबई। ऋषभ शेट्टी की इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' का ट्रेलर सोमवार सामने आ गया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में ऋषभ शेट्टी और गुलशन देवैया के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलता है। गुलशन इस बार विलेन के किरदार में नजर आए हैं, वो फिल्म में राजा बने हुए हैं।

**आवश्यकता है**
**इंडियन/इम्पोर्टेड कोयला सप्लायर की**
हमारी डिस्टलरी यूनिट – ग्राम खोड़ी तह. बड़वाह जिला खरगोन एवं बीयर फैक्ट्री – ग्राम मेमदी, सिमरोल जिला इन्दौर में स्थित है :
उपरोक्त यूनिट के लिए अनुभवी कोयला सप्लायर की आवश्यकता है जो कंपनी की पॉलिसी के अनुसार कार्य करने के इच्छुक हो।
बड़े उद्योगो में इंडियन/इंपोर्टेड कोयला सप्लाय करने वाले को प्राथमिकता। अपने पूर्ण विवरण के साथ इच्छुक सप्लायर शीघ्र संपर्क करें।
**एसोसिएटेड एल्कोहल्स एंड ब्रेवरीज लिमिटेड**
BPK स्टॉर टॉवर, चौथी मंजिल, शॉपर्स स्टॉप के ऊपर, ए.बी. रोड़
इन्दौर (म.प्र.). मो.: 0731-4780400, 9009985394
E-mail ID: adeuskar@aabl.in

## टीवी मसाला



## राघवेंद्र से प्रभावित होकर बिग बी ने बांटे हेलमेट

**नई दिल्ली।** रिएलिटी गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के एक कंटेस्टेंट से दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने रविवार को अपने बंगले 'जलसा' के बाहर अपनी एक झलक पाने के लिए जमा हुए फैंस को हेलमेट बांटे। बिग बी हर रविवार को अपने मुंबई स्थित घर के सामने बड़ी संख्या में जमा होने वाले फैंस का अभिवादन स्वीकार करने घर से बाहर आते हैं। वो साल 1982 से ऐसा करते आ रहे हैं। उन्होंने 'हेलमेट मैन ऑफ इंडिया' के नाम से फेमस कंटेस्टेंट राघवेंद्र कुमार से प्रभावित होकर कुछ लोगों को हेलमेट भी बांटे। राघवेंद्र कुमार सड़कों पर बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए उन्हें हेलमेट बांटने के लिए फेमस हैं। अमिताभ ने सोमवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'केबीसी में 'हेलमेट मैन' से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं... जो बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए स्वेच्छा से हेलमेट देते हैं... मेरे लिए एक सीख... इसलिए मैंने रविवार को फैंस से मिलते समय उनका अनुसरण किया और जितने लोगों को हो सका, उन्हें डांडिया स्टिक और हेलमेट दिए... हर दिन एक सीख है।' राघवेंद्र कुमार ने पोस्ट का जवाब दिया और एक्टर के इस कदम को अपने जीवन का 'सबसे बड़ा अवॉर्ड' बताया। उन्होंने लिखा, 'आदरणीय बच्चन सर। आपके शब्द और आशीर्वाद मेरे जीवन का सबसे बड़ा अवॉर्ड हैं।







## आरबीआई ने दत्ता फाइनेंस का पंजीकरण किया रद्द



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण देने की गतिविधियों के कारण नयी दिल्ली स्थित दत्ता फाइनेंस एंड ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने अपने डिजिटल ऋण संचालन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है।

# घट रहा है अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात : जीटीआरआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश का अपने सबसे बड़े बाजार अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात मई के 2.29 अरब डॉलर से 58 प्रतिशत घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर रह गया। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि यह घटनाक्रम चिंताजनक और विरोधाभासी है क्योंकि स्मार्टफोन पर कोई शुल्क नहीं है। स्मार्टफोन के मामले अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा बाजार है। जीटीआरआई ने कहा, 'इस गिरावट के असली कारणों का तत्काल पता लगाने की जरूरत है।' स्मार्टफोन निर्यात मई, 2025 के 2.29 अरब डॉलर से 58 प्रतिशत घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर रह गया। यह गिरावट मासिक आधार पर स्थिर रही। जून में यह दो अरब डॉलर और जुलाई में 1.52 अरब डॉलर था।

- निर्यात मई में 2.29 अरब डॉलर से घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर

### स्मार्टफोन निर्यात में 58 फीसदी की गिरावट

#### आभूषण निर्यात 9.1 फीसदी घटा

अगस्त में आभूषण निर्यात 9.1 प्रतिशत घटकर 22.82 करोड़ डॉलर रह गया। हीरे जड़ित सोने के आभूषणों और कटे-पॉलिश किए हीरों में भी नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात 43.8 प्रतिशत घटकर मई के 28.97 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अगस्त में 16.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर रह गया। इसमें कहा गया कि अमेरिका को कपड़ा, परिधान और तैयार उत्पादों का निर्यात 9.3 प्रतिशत घटकर मई, 2025 के 94.37 करोड़ डॉलर से अगस्त, 2025 में 85.55 करोड़ डॉलर रह गया।



*रासायनिक निर्यात में 16 फीसदी की गिरावट : मई तथा अगस्त, 2025 के बीच रासायनिक निर्यात 15.9 प्रतिशत घटकर 45.19 करोड़ डॉलर रह गया। श्रीवास्तव ने कहा, अगस्त के आंकड़े उच्च शुल्क के प्रभाव को आंशिक रूप से ही दर्शाते हैं। देश ने छह अगस्त तक 10 प्रतिशत शुल्क का भुगतान किया, 27 अगस्त तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त के बाद ही 50 प्रतिशत शुल्क का भुगतान किया।*

*पीएलआई के पटरी से उतरने का खतरा : श्रीवास्तव ने कहा, "स्मार्टफोन और औषधि जैसे शुल्क-मुक्त निर्यात में अप्रत्याशित गिरावट काफी चिंताजनक है। इससे देश की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के पटरी से उतरने का खतरा है। नीति- निर्माताओं और उद्योग जगत को इसके कारणों का तत्काल पता लगाने के साथ ही इस गिरावट के और बढ़ने से पहले उचित कदम उठाने चाहिए।"*

*शुल्क मुक्त उत्पाद निर्यात में हिस्सेदारी 28 फीसदी 2024-25 में अमेरिका 10.6 अरब डॉलर के आयात (भारत के 24.1 अरब अमेरिकी डॉलर के वैश्विक निर्यात का 44 प्रतिशत) के साथ भारत का शीर्ष स्मार्टफोन बाजार बना रहा। इसके बाद यूरोपीय संघ 7.1 अरब डॉलर (29.5 प्रतिशत) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसमें कहा गया कि शुल्क मुक्त उत्पाद की देश के अगस्त निर्यात में 28.5 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।*


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 06/10/2025

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 175/2025-26 दिनांक 19/09/2025 | 174939 (प्रथम आमंत्रण) | उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक- 02, जगदलपुर के उपसंभाग- दरभा अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल-पुलियो का निर्माण कार्य। (जोनल निविदा) | 200.00 |
| 2 | 176/2025-26 दिनांक 19/09/2025 | 174940 (प्रथम आमंत्रण) | उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक- 02, जगदलपुर के उपसंभाग- लोहण्डीगुड़ा अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल-पुलियो का निर्माण कार्य । (जोनल निविदा) | 200.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-252603657/4



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

### नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध ईमारती काष्ठ / जलाऊ एवं चंदन काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठागार मनेन्द्रगढ
नीलाम दिनांक - 26-09-2025
नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 144.411 | 2071 |
| 2 | साल | 0 | 0 | 843.327 | 441 |
| 3 | साजा | 0 | 0 | 83.991 | 84 |
| 4 | सतकठा | 0 | 0 | 0.053 | 23 |
| 5 | खम्हार | 0 | 0 | 0.367 | 2 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 1.510 | 0 |
| | योग - | 0 | 0 | 1073.659 | 2621 |
| जलाऊ काष्ठ | | | | | |
| क्र. | विवरण | नया लॉट | | पुराना लॉट | |
| 7 | जलाऊ मिश्रित | 215 चट्टा | | 201 चट्टा | |
| 8 | जलाऊ सागौन | - | | 40 चट्टा | |
| | योग - | | | 241 चट्टा | |
| क्र. | काष्ठ | नया लॉट | | पुराना लॉट | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 9 | आर.टी.एल. काष्ठ | 0 | 0 | 1630 | 48.024 |
| चंदन काष्ठ वजन क्वि. में (निरस्त लॉट) | | | | | |
| | प्रजाति | नया चंदन काष्ठ | | अविकृत चंदन काष्ठ | |
| | चंदन हार्डवुड | 06 क्वि. (लगभग) | | - | |
| | चंदन सेपवुड | 03 क्वि. (लगभग) | | - | |
| | योग - | 09 क्वि. (लगभग) | | - | |

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है ।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

G- 252603633/4



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

### -: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 4 हेतु दिनांक 03.10.2025 तक एवं सरल क्र. 5 से 11 हेतु दिनांक 08.10.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-


| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 295 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.- 3 बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न सड़को एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्रं. 2 बिलासपुर। मद संख्या 24-3054-4090** | 40.00 |
| 2 | 296 | सुलौनी हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। सक्ती संभाग, सक्ती। मद संख्या-24-4202-3490** | 68.86 |
| 3 | 297 | पेण्ड्रा संभाग के अंतर्गत मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रा। मद संख्या 24-3054-4090** | 25.00 |
| 4 | 298 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. रायगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगीतराई के शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या 8443 जमा कार्य** | 63.58 |
| 5 | 299 | उपसंभाग क्रं.-2 बिलासपुर के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। **प्रथम आमंत्रण संभाग क्रं.-1 बिलासपुर। मद संख्या- 67-2216-4095** | 50.00 |
| 6 | 300 | शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में रैम्प निर्माण, केंटिन, मृदा लैब, कांक्रीट लैब, ट्रांसपोर्ट लैब रिडिंग रूम का मरम्मत कार्य एवं पेन्ट्री और वाशरूम का निर्माण, कॉलेज परिसर बिलासा कन्या छात्रावास एवं अरपा कन्या छात्रावास में विभिन्न मरम्मत एवं शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र के शेड क्रं.-1 एवं 3 का मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.-1 बिलासपुर। मद संख्या-8443 जमा कार्य** | 56.83 |
| 7 | 301 | सीपत बेलतरा मुख्य मार्ग से भाडी पहुंच मार्ग लं. 1.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1 बिलासपुर। मद संख्या 24-5054-2457** | 105.74 |
| 8 | 302 | उपसंभाग क्रं.-1, बिलासपुर के अंतर्गत जिला न्यायालय के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों, माननीय जजों के बंगलों एवं स्टाफ क्वार्टर सिविल लाईन, वेयर हाउस रोड व विकास नगर बिलासपुर में मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.-1 बिलासपुर। मंद संख्या 67-2059-6519** | 80.00 |
| 9 | 303 | जिला मुगेंली के मेन रोड जरहागांव सेमरसल कि.मी. 6/10 से झझपुरी खुर्द पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। मुगेंली संभाग, मुगेली। मद संख्या-24-5054-1222** | 19.06 |
| 10 | 304 | जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के प्रथम तल पर 03 न्यायालय कक्षों का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। मुगेली संभाग, मुगेली। मद संख्या-67-4059-2450** | 145.26 |
| 11 | 305 | जिला एवं सत्र न्यायालय मुगेंली में बाऊण्ड्रीवाल निर्माण कार्य । (शेष कार्य) **प्रथम आमंत्रण। मुगेली संभाग, मुगेली। मद संख्या- 67-4059-2450** | 18.78 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-252603635/3


## एक्सिस बैंक ने की 'मूव 2025' के विजेताओं की घोषणा



**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने अपने प्रमुख कैंपस एंगेजमेंट प्रोग्राम 'मूव 2025' के पहले संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा दिमागों को पहचानना और उन्हें तराशना है। इसमें देशभर के 50 प्रमुख एमबीए और इंजीनियरिंग संस्थानों-जैसे आईआईएम, आईआईटी, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, एक्सएलआरआई और फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज-के 21,000 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'एक्सिस बैंक का अगला बड़ा रणनीतिक कदम' '**next big strategic bet for Axis Ban**' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबिलिटी, ग्रामीण बैंकिंग और मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में भविष्य की चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## नवरात्रि पर पंजाब ज्वेलर्स का खास ऑफर, गहनों पर शानदार छूट



**रायपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड पंजाब ज्वेलर्स, सदर बाजार ने ग्राहकों के लिए एक खास और बेजोड़ ऑफर की घोषणा की है। इस नवरात्रि 22 कैरेट गोल्ड के कंगन, मंगलसूत्र और चेन पर फ्लैट 9 प्रतिशत मेकिंग चार्ज मिल रहा है। त्योहारों की रौनक के बीच अगर आप शुद्धता, विश्वसनीयता और बेहतरीन डिजाइनों वाले गहनों की तलाश में हैं, तो यह अवसर आपके लिए है। पंजाब ज्वेलर्स, जो पिछले 45 वर्षों से ग्राहकों के विश्वास का प्रतीक रहा है, हर बार की तरह इस बार भी अपने ग्राहकों के लिए पारदर्शी और किफायती सौदे लेकर आया है। दुकान के प्रबंधन ने बताया कि यह ऑफर खासकर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो नवरात्रि और आगामी शादी-ब्याह के सीजन में गहनों की खरीदारी की योजना बना रहे हैं। हमारा प्रयास हमेशा यही रहता है कि ग्राहक को उच्च गुणवत्ता, लेटेस्ट डिज़ाइन और पारदर्शी दाम पर बेहतरीन सेवा मिले।

## सोना 2200 और चांदी 4380 रुपए बढ़कर नए शिखर पर

**नई दिल्ली ।** मजबूत वैश्विक संकेतों से उत्साहित होकर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,200 रुपये बढ़कर 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। निवेशक नीतिगत दिशा के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की महत्वपूर्ण टिप्पणी का इंतजार कर रहे हैं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,150 रुपये बढ़कर 1,15,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी के रुख के अनुरूप, घरेलू बाजारों में सोना और चांदी दोनों रिकॉर्ड स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख वाले संकेत से पता चलता है कि इस साल के अंत तक दो और ब्याज दरों में कटौती की संभावना है।

## वी-मार्ट ने लागू की जीएसटी दर में कटौती उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा फायदा

V MART

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख वैल्यू फैशन रिटेल चेन वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड ने हाल ही में सरकार द्वारा की गई जीएसटी दरों में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं को देने की घोषणा की है। कंपनी ने 'जीएसटी बचत उत्सव' के तहत अपने सभी 525 स्टोर्स पर संशोधित जीएसटी डिस्काउंट्स को लागू कर दिया है। इस पहल के तहत कपड़े, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, एफएमसीजी उत्पाद और एक्सेसरीज जैसे कई जरूरी व लाइफस्टाइल उत्पाद अब पहले से सस्ते मिल रहे हैं। त्योहारों के मौसम में यह कदम ग्राहकों को बड़ी राहत देगा। वी-मार्ट ने सभी स्टोर्स पर बिलिंग सॉफ्टवेयर को अपग्रेड कर लिया है ताकि ग्राहकों को इनवॉइस पर जीएसटी डिस्काउंट्स स्पष्ट रूप से दिखें। स्टोरों में इसके बारे में स्पष्ट जानकारी भी दी जा रही है। इस पर वी-मार्ट के सीओओ विनीत जैन ने कहा कि हमारा प्रयास हर ग्राहक को जीएसटी कटौती का सीधा लाभ मिले। हमने यह भी निर्णय लिया है कि जिन उत्पादों पर टैक्स बढ़ा है, उनकी कीमतें हम नहीं बढ़ाएंगे।

## जीएसटी 2.0 के बाद छत्तीसगढ़ में टू-व्हीलर बाजार को मिली नई रफ्तार

**रायपुर।** जीएसटी 2.0 के बाद छत्तीसगढ़ में टू-व्हीलर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। होंडा ने अपने स्कूटर और बाइक मॉडलों पर 6,500 से 14,000 रुपए तक की छूट की घोषणा की है।

एक्टिवा और डियो जैसे लोकप्रिय स्कूटर पर औसतन 6,500 से 8,700 रुपए की कमी दर्ज की गई है, जबकि एसपी125, यूनीकॉर्न और हॉर्नेट 2.0 बाइकों पर 7,000 से 13,000 रुपए तक की राहत मिली है। एनएक्स200 जैसे प्रीमियम मॉडल पर ग्राहक 14,000 रुपए तक की बचत कर रहे हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और भिलाई जैसे शहरों में डीलरों का कहना है कि ग्राहक संख्या में तेज़ी से इज़ाफ़ा हुआ है। बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मूल्य कटौती उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता को बढ़ावा दे रही है और आने वाले महीनों में टू-व्हीलर उद्योग को मजबूती देगी।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**
आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसिपल, क्लर्क, रिसेप्शनिष्ट, इंचार्ज, एवं हिन्दी- अंग्रेजी माध्यम में: इंग्लिश, मैथ्स, साइंस, एसएसटी पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता। साक्षात्कार 24.09.2025 प्रातः 9:30बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.** (RO-6996)

**ड्रायवर**
आवश्यकता है- शंकरनगर स्थित सॉफ्टवेयर कम्पनी में ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर जो साथ में ऑफिस कार्य भी कर सके आवश्यकता है। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:- 9300532000 । 9893132000.** (RO-368)

**सुरक्षाकर्मी**
आवश्यकता है- रायपुर छत्तीसगढ़ सड्डू, विधानसभा, धरसींवा में 10 वी , 12 वी पास सुरक्षा कर्मी कार्य हेतु अनुभवी / फ्रेशर सुरक्षा कर्मी की आवश्यकता है। वेतन - 12000/- से 14000/- **संपर्क करें:- 6261704334.** (RO-47)

**असिस्टेंट अकाउंटेंट**
आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में असिस्टेंट अकाउंटेंट की आवश्यकता है **संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल नंबर- 074699- 80000, 0771- 4075490.** (RO-6718)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑफिस कार्य**
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है ,10वी 12वीं पास युवको के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस रहना फ्री, प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20हजार महीना **मो. 9039470547, 7869296951.** (RO-415)

**पैकिंग कार्य**
आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर 9300629026, 9300129026.** (RO-0056)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**
आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु कंप्यूटर (SAP) ऑपरेटर की आवश्यकता है । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर । **संपर्क - 6266694683 (मिलने का समय - 10 से 6)** (RO-12)

**मैनेजमेंट एक्जीकेटिव**
आवश्यकता है- Business Manage करने के लिए MBA/ B.Tech/ BBA पास अनुभवी मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव की रायपुर ऑफिस में आवश्यकता है। Salary; 25,000 से 35000/- तक । Whats up your Resume **8602470046.** (RO-272)




**इलेक्ट्रीकल/ड्रायवर**
आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एवं ड्राइवर -2 पद की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सुपेला भिलाई संपर्क करें । **मो.- 98278-06026,81092-90503.** (आरो नं.-4101)

**थेरेपिस्ट**
आवश्यकता है- पंचकर्म थेरेपिस्ट 2 मेल योग्यताः 10वीं पास कार्य समयः सुबह 10 से शाम 7 तक आयुर्वेदिक क्लिनिक –ESIC हॉस्पिटल के पास,स्मृति नगर भिलाई वेतन :7000-9000 , **संपर्क :7000836094.** (आरो न.-1654)

**सेल्समैन/हेल्पर**
आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व कपड़े की दुकान में काम किया हुआ व्यक्ति एवं हेल्पर की आवश्यकता है समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 **प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658.** (RO-7259)

आवश्यकता है- सेल्स/हेल्पर की भर्ती – The Cheese Cubicle (एम.जी. रोड, फूड स्टॉल) व S.G. Fashion (पंडरी, वस्त्रालय) हेतु युवक-युवतियाँ चाहिए। योग्यता कोई भी चलेगी, अनुभव जरूरी नहीं। **संपर्क: 8602607134.** (RO-6717)

**बिलिंग कार्य**
आवश्यकता है- दुकान में बिलिंग कार्य हेतु आदमी की आवश्यकता है जिसे टैली, बिजी सॉफ्टवेयर, एकाउंटिंग, एक्सल, ईमेल की जानकारी हो वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः -खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गैरेज बिल्डिंग, मौदहापारा थाने के पीछे रायपुर**(RO-25)

हरिभूमि

**पैकिंग कार्य/सेल्समैन**
आवश्यकता है- डेयरी कैलेउर्स माल जमाने एवं पैक करने लड़के एवं लड़कियाँ तथा काउंटर एवं सिटी में ऑर्डर बुक करने सेल्सगर्ल, सेल्समेन चाहिए. **डेयरी हाउस अन्नपूर्णा कम्प्लेक्स रहमानिया चौक के पास बंजारी रोड रायपुर 9329100996, 0771-4036213.** (RO-6719)

**पेज मेकर/डिजाइनर**
आवश्यकता है- WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM श्रीकंचनपथ समाचार पत्र समूह में कार्य करने के लिए पेज मेकर और डिजाइनर की आवश्यकता है। * Quark express ( pagemaker),* Photoshop, * Corel Draw,* Hindi - English typing, अनुभवी को प्राथमिकता। **मो. -98930-92649, 99933-30237.** (आरो नं.-7200)

**दुकान कार्य**
आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष, महिला एवं टैली अकाउंटेंट (फीमेल) **संपर्क करें राजेश होजरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नं.1 एक पंडरी रायपुर- 9407923601, 6266622743.** (RO-501)

**सुपरवाइजर/मैनेजर**
आवश्यकता है- हेवी मीडिया कोल वाशरी में (1) अनुभवी ड्राइवर ट्रिप टेलर BS6 5540/ 4625 हेतु 40 पद, (2) अनलोडिंग सुपरवाइजर 3 पद (3) डिस्पैच सुपरवाइजर 3 पद (4) ट्रांसपोर्ट मैनेजर, इंचार्ज, सुपरवाइजर 3 पद (5) रेक लोडिंग सुपरवाइजर/ इंचार्ज 2 पद (6) बेल्ट प्रेस ऑपरेटर 2 पद (7) वाशरी ऑपरेटर 2 पद (8) फिटर एंड वेल्डर 2 पद की आवश्यकता है **सम्पर्क- 9340061365, 8815104587 पता- CP&CBL बिलासपुर छत्तीसगढ़** (RO-38729)

**अन्य**
आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- **7054311719.** (RO-1169)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाइम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- **8420549466.** (RO-1171)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

CLASSIFIED RATE CARD
हरिभूमि
01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
COLOUR
GST For All Ad
MATRIMONIAL CG+MP
500 /- 1 Sunday 800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday 1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday 1500/- 3 Sunday
HEALTH CARE
CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare



## जैकेट के शेष

### जीएसटी पहला दिन...

पर ही बिक रहे हैं।

**स्टेशन में नहीं घटे रेलनीर के दाम :** नई जीएसटी दरों में रेलनीर की बोतल की कीमतें में भी कटौती की गई है। 1 लीटर बोतल की कीमत 15 से घटाकर 14 रुपए और 500 एमएल की बोतल 10 से घटाकर 9 रुपए कर दी गई है, लेकिन सोमवार को स्टेशन पर यह बदलाव दिखाई नहीं दिया। वेंडरों ने साफ कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है, इसलिए वे पुरानी दर पर ही बोतल बेच रहे हैं।

**आटा, तेल और घी भी पुराने दामों पर ही मिले :** हरिभूमि ने गुढ़ियारी में घरेलू सामान के थोक दामों की पड़ताल की। सरकार ने पैक बंद आटा, तेल, घी, चावल, दाल और नमकीन जैसे खाद्य पदार्थों पर लगने वाला जीएसटी 12-18 प्रतिशत से घटाकर 5प्रतिशत कर दिया है, लेकिन बाजार में इसका असर नहीं दिखा। आशीर्वाद आटा 260 रु. कृति गोल्ड तेल का डिब्बा 2160 रु. अच्छा हजूर चावल 59 रु./किलो, अमूल घी 330 रु. काजू (200 ग्राम) 395 रु. ये सभी वस्तुएं सोमवार को भी इन्हीं पुराने दामों पर बिकीं। गुढ़ियारी के दुकानदारों ने कहा कि उन्हें खाद्य विभाग की ओर से कोई स्पष्ट आदेश नहीं मिला है। कुछ ने कहा कि जैसे ही नई प्रिंट वाली सामग्री आएगी, तब नई दरें लागू होंगी।

### देशभर में 'बचत ....

तेजी लाएंगे। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें मुख्य रूप से 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो श्रेणी (स्लैब) होंगी। मोदी ने पत्र में कहा, खाद्य पदार्थ, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट, बीमा और रोजमर्रा की जरूरत की कई अन्य वस्तुएं अब या तो कर-मुक्त होंगी या सबसे कम 5 प्रतिशत कर स्लैब में आएंगी। जिन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत कर लगता था, वे लगभग पूरी तरह से 5 प्रतिशत कर के दायरे में लाई गई हैं। यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि विभिन्न दुकानदार और व्यापारी तब और अब के बोर्ड लगा रहे हैं, जो सुधारों से पहले और सुधारों के बाद के करों को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और देश में एक नव मध्यम वर्ग तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने मध्यम वर्ग को भी मजबूत किया है। बारह लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लिया जा रहा है। अगर हम आयकर में कटौती और अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को जोड़ दें तो इससे लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी।' उन्होंने पत्र में लोगों से कहा, आपके घरेलू खर्च कम हो जाएंगे और मकान बनाना, गाड़ी खरीदना, उपकरण खरीदना, बाहर खाना खाना या परिवार के साथ छुट्टियां मनाने जैसी आकांक्षाएं पूरी करना आसान हो जाएगा। उन्होंने 2017 में शुरू हुई देश की जीएसटी यात्रा को नागरिकों और व्यवसायों को कई करों के जाल से मुक्त करने में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताते हुए कहा कि जीएसटी ने देश को आर्थिक रूप से एकजुट किया है। उन्होंने कहा, "एक राष्ट्र एक कर, से एकरूपता और राहत मिली। जीएसटी परिषद ने केंद्र और राज्यों, दोनों की सक्रिय भागीदारी से कई जनहितैषी फैसले लिए। अब ये नये सुधार हमें और आगे ले जा रहे हैं, व्यवस्था को सरल बना रहे हैं, दरें कम कर रहे हैं और लोगों के हाथों में अधिक बचत पहुंचा रहे हैं। मोदी ने कहा, हमारे छोटे उद्योगों, दुकानदारों, व्यापारियों, उद्यमियों और एमएसएमई को भी व्यापार करने में आसानी होगी। कम कर, कम कीमतें और सरल नियमों का मतलब है बेहतर बिक्री, कम अनुपालन बोझ और अवसरों में वृद्धि होगी, खासकर एमएसएमई क्षेत्र में।

### वाहनों के ....

पार कर गई। कंपनी के डीलरशिप पर लगभग 80,000 ग्राहकों ने पूछताछ की। छोटे कार मॉडल की बुकिंग में 50 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जबकि कुछ मॉडल का स्टॉक खत्म होने की संभावना है। ह्युंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा कि पहले दिन ही लगभग 11,000 वाहनों की बिक्री हुई जो पिछले पांच वर्षों में कंपनी का सबसे अच्छा बिक्री आंकड़ा है। वाहन वितरकों के राष्ट्रीय संगठन फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने कहा कि पिछले तीन-चार हफ्तों से ग्राहकों की पूछताछ में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही थी और नवरात्रि के पहले दिन बिक्री में जबर्दस्त रुझान देखा गया। वाहन विनिर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के महासचिव राजेश मेनन ने कहा कि जीएसटी दर कटौती से उपभोक्ताओं में उत्साह बढ़ेगा और भारतीय वाहन क्षेत्र को नई रफ्तार मिलेगी।

### 40-40 लाख के ....

बड़ा झटका लगा है, वहीं शीर्ष नक्सली सकते में है। हाल ही में माड़ में मारे गए एक करोड़ के ईनामी नक्सल महासचिव बसवराजू की मौत से संगठन उबर भी नहीं पाया था कि एक साथ इसी इलाके में सुरक्षाबलों ने दो और केन्द्रीय समिति सदस्यों की मौत से संगठन के शीर्ष नक्सली सकते में है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान नक्सलियों की ओर से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया जिसमें दो शीर्ष नक्सली कोसा दादा व राजू दादा मार गिराया गया। मारे गए दोनों शीर्ष नक्सली कई बड़े नक्सली वारदातों के मास्टरमाइंड माने जाते हैं।

**खुला 36 सुरक्षा कैम्प,193 नक्सली ढेर, 7 माह शेष :** लगातार शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने से कमजोर हो रहा नक्सल संगठन सकते में है। सुरक्षाबलों द्वारा पिछले एक वर्ष से चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक 36 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। वहीं इस दौरान छग शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 496 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इसके अलावा 193 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए हैं। वहीं लगभग 9 सौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लगातार कार्रवाई से नक्सल संगठन कमजोर हो रहा है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य तय किया है। नक्सलवाद के सफाए के लिए अब केवल सात महीने बचे हैं।

### नक्सलमुक्त डेडलाइन के .....

प्रतिकूल मौसम के बावजूद बस्तर में तैनात पुलिस और सुरक्षा बल भारत व छत्तीसगढ़ सरकार तथा बस्तर की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा कर रहे हैं। आईजी ने माओवादी कैडरों और उनके नेतृत्व से अपील करते हुए कहा कि माओवादी आंदोलन अब अपने अंत की ओर है। यह समय है कि वे हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में लौटें और सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत सुरक्षा और लाभ प्राप्त करें।

### स्पेस वॉर में ....

सिस्टम जमीन पर दागी जाने वाली मिसाइलों से रक्षा करता है, वैसे ही ये सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारतीय उपग्रहों को दुश्मन देशों के हर खतरे से बचाएगी। सूत्रों के मुताबिक सरकार की योजना है कि करीब 27,000 करोड़ रुपए (3 अरब डॉलर) खर्च करके 50 निगरानी उपग्रह लॉन्च किए जाएं। इनमें से पहला उपग्रह अगले साल यानी 2026 तक कक्षा में भेजा जा सकता है, जो भारत की अंतरिक्ष-आधारित निगरानी क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

**भारत के पास 100 से ज्यादा उपग्रह :** फिलहाल भारत के पास 100 से ज्यादा उपग्रह हैं। पाकिस्तान के पास केवल आठ, वहीं चीन के पास 930 से ज्यादा उपग्रह सक्रिय हैं। चीन का तेजी से बढ़ता अंतरिक्ष कार्यक्रम भारत और अमेरिका दोनों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है।

# जवान, 10 युद्धपोत, एफ-35 जेट और न्यूक्लियर सबमरीन

## वेनेजुएला को चारों ओर से घेर रही अमेरिकी सेना

एजेंसी ▶▶ कैरेकस



राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच कैरिबियन के दक्षिणी इलाके में अमेरिकी सेना की बड़ी तैनाती कर रहे हैं। इसमें एफ-35 स्टील्थ जेट और अन्य हथियार शामिल हैं। अमेरिका इसे ड्रग तस्करी रोकने का नाम दे रहा है, लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह हमले की तैयारी जैसा लगता है। अभी 8 युद्धपोतों पर 4500 सैनिक तैनात हैं। ये वेनेजुएला पर आक्रमण के लिए कम हैं। ये जहाज ड्रग तस्करी वाले देशों पर हमला नहीं कर सकते. ये ताकतें पूर्वी पैसिफिक में नहीं हैं, जहां मुख्य ड्रग रोकथाम होती है।

**गुप्त विशेष बलों की तैनाती :** एलीट स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट्स की गुप्त तैनाती से लगता है कि वेनेजुएला के अंदर हमले या कमांडो छापे हो सकते हैं। अमेरिका ने दक्षिणी कमांड क्षेत्र में चौथा गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर भेजा है। कल यूएसएस स्टॉकडेल पनामा पहुंचा।

**क्या-क्या भेजा गया? : हवाई** ताकतः 10 एफ-35ए लाइटनिंग II स्टेल्थ फाइटर जेट पुर्तगाल रिको में. ये निगरानी, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और हमले के लिए हैं। वेनेजुएला के रडार, एयरबेस या कार्टेल ठिकानों पर गहराई से हमला कर सकते हैं।

**नौसेना की ताकतः** तीन आर्लेघ बर्क-क्लास डिस्ट्रॉयर - यूएसएस जेसन डनहम, यूएसएस ग्रेवली और यूएसएस सैम्पसन. हर में 90 से ज्यादा वर्टिकल लॉन्च सेल हैं, जो टोमाहॉक क्रूज मिसाइल, एयर डिफेंस और एंटी-सबमरीन हथियार छोड़ सकते हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना**

क्र./20/न.पा.नि./जोन क्र./01/2025 सकरी, दिनांक 19/09/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 176178 | सकरी स्थित सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। | 10.00 | 08. 10. 2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 22/09/2025 सायंकाल में 05:31 बजे के पश्चात् प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.01, सकरी नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एन-32-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत - (1) RUB-281, 279, 272, 267 और 265 की जल निकासी में सुधार। (2) RUB-263, 260, 258 और 248 की जल निकासी में सुधार। (3) RUB-36, 28, 25, 23, 21, 19, 5 और 286 की जल निकासी में सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹5,52,90,589/- **बयाना राशि:** ₹4,26,500/-

**2. निविदा क्र.:** एन-33-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/NIR के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले - (1) RUB NM-2, NM-60 और NM-74 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध कराकर सुधार। (2) RUB-33, RUB-36, RUB-38 और RUB-275A का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध कराकर सुधार। (3) GJ-180, GJ-188 और GJ-196 का कवर शेड, सम्प, नाली का निर्माण, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि उपलब्ध कराकर सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹5,27,11,832/- **बयाना राशि:** ₹4,13,600/-

**3. निविदा क्र.:** ई-29-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर अनुभाग में विभिन्न प्रकार के ट्रैक संबंधी कार्य जैसे ट्रैक की ओवरहॉलिंग, बॉक्सिंग और ड्रेसिंग गिट्टी, साइड ड्रेन की सफाई और अन्य संबद्ध पी वे कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹1,95,02,912/- **बयाना राशि:** ₹2,47,500/-

**4. निविदा क्र.:** ई-30-एनजीपी-2025-2026 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत घाट सेक्शन और यार्ड ड्रेन / साइड ड्रेन में नाली का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹2,43,18,754/- **बयाना राशि:** ₹2,71,600/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए, बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक **10.10.2025** के **15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे: इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (उत्तर), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

MS/26-126

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय - कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, बीजापुर**
**(छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कम्पनी)**

क्रमांक/ कार्य.यंत्री/ (सं./सं.)/ सामा./ विज्ञा./ 2069 बीजापुर, दिनांक 22.09.2025

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को विदित हो कि बीजापुर जिले के अंतर्गत 33 के.व्ही. लाईन 11 के.व्ही. लाईन एवं निम्नदाब लाईनो के नीचे किसी प्रकार की आयोजन पण्डाल का निर्माण न करें, ताकि किसी भी अप्रिय विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके। 33 के.व्ही. लाईन 11 के.व्ही. लाईन एवं निम्नदाब विद्युत लाईनो से छेड़छाड़ न करें एवं उचित दूरी बनाये रखे, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो।

(डी.आर. उर्वशा)

"स्वहित एवं राष्ट्रहित मे ऊर्जा की बचत करें" कार्यपालन अभियंता (सं/स) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. बीजापुर


## पेज एक के शेष

### मौजूदा सत्र में होगी...

होगी, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के अनुसार, इसके लिए विशेष कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी प्रतियोगिता संबंधित नियम-शर्तों का निर्धारण करेगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ही यह स्पर्धा होगी। अर्थात मौजूदा शैक्षणिक सत्र में ही विवि को अपना झंडा मिल जाएगा।

### नान घोटाले में शुक्ला टूटेजा...

कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से मिली जमानत रद्द कर दिया है, जिसके बाद आलोक शुक्ला दो दफा सरेंडर करने कोर्ट पहुंचे थे। ईडी द्वारा कोर्ट में डायरी पेश नहीं करने पर आलोक शुक्ला को कोर्ट से सरेंडर की अनुमति नहीं मिली। कोर्ट की नाराजगी पर ईडी ने कोर्ट में डायरी पेश की। इसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों की नान घोटाला में नए सिरे से गिरफ्तारी की है।

**दिल्ली में होगी पूछताछ :** गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ नियमित फ्लाइट से दिल्ली ले गई। आरोपियों से पूछताछ दिल्ली ईडी कार्यालय में होगी। उल्लेखनीय है कि नान घोटाले की जांच दिल्ली ईडी को सौंपे जाने के बाद जांच दिल्ली में हो रही है। इस वजह से दोनों आरोपियों को ईडी की टीम अपने साथ दिल्ली ले गई है। **कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील :** कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई सोमवार को ईडी, ईओडब्लू तथा सीबीआई कोर्ट में हुई है। आरोपियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोर्ट खुलने के बाद सीआरपीएफ जवान सुरक्षा में तैनात किए गए थे। कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील हो गया था।

**समय सीमा के अंदर जांच पूरी करनी है :** सुप्रीम कोर्ट की युगल पीठ जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने ईडी, ईओडब्लू को जांच पूरी करने के लिए समय सीमा तय की है। बेंच ने ईडी को तीन महीने और ईओडब्लू को दो महीने में जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि पेंडिंग मामलों का निपटारा समय सीमा के अंदर पूरा होना चाहिए।

### यह है पूरा...

छापेमारी के दौरान नान के रायपुर मुख्यालय से जांच एजेंसी ने दो करोड़ रुपए कैश जब्ती किया था। जांच के बाद एसीबी ने नान के मैनेजर सहित 16 लोगों के खिलाफ कोर्ट में पांच हजार पन्नों से ज्यादा का चालान पेश किया था। जब छापे की कार्रवाई की गई, तब आलोक शुक्ला खाद्य सचिव तथा अनिल टूटेजा नान के एमडी थे। केंद्र से अनुमति मिलने पर दोनों अफसरों के खिलाफ कोर्ट में अलग से पूरक चालान पेश किया गया।

### अमेरिका के एच-1बी को...

को ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। इसमें ज्यादा बार आने-जाने की इजाजत होगी, वीजा की वैलिडेशन पीरियड भी ज्यादा होगा और ठहरने का ज्यादा समय मिलेगा। चीन में एंट्री करने के बाद, के वीजा होल्डर को वहां शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान और तकनीक जैसे क्षेत्रों में काम करने की भी अनुमति होगी। इसके साथ ही वे कारोबार और बिजनेस भी कर सकेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वीजा के लिए संबंधित चीन की अधिकारियों की तरफ से तय की गईं योग्यताएं और जरूरतें पूरी करनी होंगी, साथ ही मांगे गए जरूरी दस्तावेज भी पेश करने होंगे। फिलहाल आधिकारिक तौर पर के-वीजा की फीस या जरूरी दस्तावेजों की ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।


**OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL MANDIR HASAUD**

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

Letter No./587/System Tender No. 176229 Mandir Hasaud Dated 22.09.2025

Online bids are invited for followings works up to 14.10.2025

| S. No. | System Tender no. | Name of work | Probable Amount of Contract (in Lakh) | Earnest Money (in RS.) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 176229 | Survey, Engineering, Procurement, Construction, testing, commissioning of combined raw water supply scheme for Mandir Hasoud & Chandkhuri under AMRUT Mission 2.0 including Trial run, 12 months Defects Liability period and 5 years Operation and Maintenance of all Project Components/whole scheme. (1st Call) | Rs. 3574.09 | Rs. 17.87 | Of appropriate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 22.09.2025 at 17:30 Hours (IST) on wards.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL MANDIR HASAUD



**// आम सूचना //**

कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम रौंदा प.ह.नं. 00001 रा.नि.मं. पेन्ड्रावन तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 748/2 रकबा 0.4000हे, भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता उज्जवल जैन पिता प्रेमचंद जैन पता ग्राम धमधा जिला दुर्ग छ.ग. की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम रौंदा प.ह.नं. 00001 रा.नि.मं. पेन्ड्रावन तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 748/2 रकबा 0.4000 हे., में स्थित भूमि को क्रय करने का मौखिक सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय, गैरशासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या संपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना के खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। आम सूचना के खंडन हेतु पक्षकार को स्वयं या अपने नियुक्त अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में वैध दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर खंडन की सूचना दे सकता है। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 22.09.2025

सिद्धार्थ डागा
राकेश महिलाने (अधिवक्तागण)
डी-2 ग्राउण्ड फ्लोर बजरंग मार्केट, पुराना आर.डी.ए. बिल्डिंग तहसील आफिस के सामने, जी.ई.रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 98269-02911, 99770-05000



**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
**(भारत सरकार, राज्य शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)**
**क्षेत्रीय कार्यालय : जी.ई.रोड, मुंदड़ा कुंज के पास, राजनांदगांव (छ.ग.)**
Email : npa.ro.raj@crgb.bank.in, Mob: 6232032295, Web : www.crgb.bank.in

**सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54 ) के अंतर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की नीलामी सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न ऋणि को सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत मांग सूचना जारी किया गया था एवं सरफेसी अधिनियम 13(4) के अंतर्गत बंधक संपत्ति पर सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा प्राप्त कर लिया गया है। बैंक की बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित की वसूली हेतु निम्नलिखित बंधक अचल संपत्ति की नीलामी "जहाँ है जैसा है" के आधार पर किया जाना हैः-

| क्र. | शाखा | ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | बकाया राशि मांग सूचना 13 (2) अनुसार (रु. में) | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, बोली वृद्धि राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी, बसंतपुर, | ऋणीः- राहुल बेलावाला पिता श्री हर्षद भाई | **श्री राहुल बेलावाला की बंधक संपत्ति (फ्लैट) का विवरणः-** फ्लैट न. 501, पांचवा मंजिल, प्रिंसेस पार्क अपार्टमेंट, राजनांदगांव, जिला-राजनादगांव, छत्तीसगढ़ कुल क्षेत्रफल- 1097 वर्ग फीट, Covered Under Doc No. - 01, Vol. No. 829, Book No. - 01, Page no.- 111 to 135, Dated 16.12.2024, चौहद्दीः उत्तर- खुला एरिया, दक्षिण- रास्ता, पूर्व- निलगिरी- पार्क की ओर रास्ता, पश्चिम- सिडी और फ़्लैट क्र. 502 | 14/10/2024 2240236/- + ब्याज +अन्य खर्च आधिपत्य का प्रकार- सांकेतिक | रु. 24,42,000/- रु. 2,44,200/- रु.10000/- |
| 2 | कवर्धा | ऋणीः- जय माँ संतोषी फ्लाई ऐश ब्रिक्स (प्रो. लोमश चंद्राकर पिता बद्रीप्रसाद चंद्राकर) | **श्री लोमश चंद्राकर की बंधक संपत्ति का विवरणः-** खसरा क्र.- 341/2, P.H.N. 51, ग्राम- कोलेगांव, तह- कुंडा, जिला-कबीरधाम, कुल क्षेत्रफल - 0.121 हेक्टेयर Covered Under - Doc. No.- 2360, BOOK NO -1, VOL NO 3892,PAGE NO-342 TO 364, Dated – 20.12.2023, चौहद्दी : उत्तर- रोड, दक्षिण- अघनू की भूमि, पूर्व- बद्रीप्रसाद की भूमि, पश्चिम- अरुणा-की भूमि | 08/05/2025 23,60,811/- + ब्याज+ अन्य खर्च आधिपत्य का प्रकार- सांकेतिक | रु.20,00,000/- रु.2,00,000/- रु.10000/- |
| 3 | कवर्धा | ऋणीः- श्री परमेश्वर साहू पिता जनक साहू | **श्री - परमेश्वर साहू की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः-** खसरा क्र.-101/7, P.H.N. 21, ग्राम- अमलीमालगी, तह- कुंडा, जिला - कबीरधाम, कुल क्षेत्रफल - 0.024 हेक्टेयर, Covered Under - Doc. No.- 1726, BOOK NO -1, VOL NO-3857,PAGE NO- 230 TO 246, Dated – 31.07.2023, चौहद्दी : उत्तर- मनीषा पिता संतोष की भूमि, दक्षिण- रोड, पूर्व- दाऊराम पिता भागवत की भूमि, पश्चिम-दनिराम की भूमि | 08/05/2025 9,32,277/- + ब्याज +अन्य खर्च आधिपत्य का प्रकार- सांकेतिक | रु. 17,36,000/- रु.1,73,600/- रु.10000/- |

**ऋणियों / जमानतदारों / बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि बकाया राशि ब्याज एवं अन्य खर्चे का भुगतान नीलामी के पूर्व कर देवें। बिक्री पश्चात अन्य कोई शेष बकाया राशि की वसूली का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है।**

**नीलामी तिथि 30/09/2025 समय 12:00 बजे से**

**नीलामी स्थान :-** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, मुदडा कुञ्ज के पास, जी. ई. रोड राजनांदगांव (छ.ग.)।

**नीलामी के नियम एवं शर्तें:-** (1) नीलामी **"जहाँ है जैसा है"** के आधार पर हो रही है। (2) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी तक नीलाम की जा रही संपत्तियां भारमुक्त है फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्ति पर भारित ऋण भार, संपत्ति का स्वत्वाधिकार, दावे, देय आदि जो किसी भी प्रकार से संपत्ति को प्रभावित करते हो, के विषय में स्वतंत्र निरीक्षण एवं जानकारी प्राप्त कर संतुष्ट होने के बाद ही निविदा जमा करें। संपत्ति का निरीक्षण सम्बंधित शाखा से संपर्क कर किया जा सकता है। उपरोक्त संपत्ति एवं उन पर सभी प्रकार के वर्तमान एवं भावी प्रभार/ऋण भार/दावे/स्वत्वाधिकार जो कि बैंक की जानकारी में है या नही है के सहित विक्रय की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार से अन्य पक्षकार के दावे/अधिकार/देयता के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा। (3) इच्छुक निविदाकर्ता / खरीददार अमानत (धरोहर) राशि जो कि **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** A/c **(ऋणी का नाम एवं शाखा का नाम)** के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता / खरीददार शाखा का नाम, ऋणी का नाम स्पष्ट रूप से लिखकर निविदा राशि अंकों एवं शब्दों में लिखकर स्वयं के पहचान पत्र, निवास प्रमाण, पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रतियाँ तथा मोबाइल नंबर, e-mail Id इत्यादि प्राधिकृत अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पास दिनांक 29/09/2025 शाम 05:00 बजे तक जमा करना होगा। (5) सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि विक्रय मूल्य में समायोजित की जायेगी एवं असफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि वापस कर दी जायेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार को विक्रय मूल्य का 25% राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकार करने पर आगामी दिवस (दिनांक 01/10/2025) जमा करना होगा एवं शेष 75% राशि नीलामी तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा अन्यथा खरीददार द्वारा पहले भुगतान / जमा सम्पूर्ण राशि बैंक द्वारा जब्त कर ली जाएगी। भुगतान में चूक होने पर संपत्ति की पुनः बिक्री की जायेगी और उस पर चूककर्ता खरीददार का किसी भी प्रकार का संपत्ति/राशि पर दावा मान्य नही होगा। (6) सफल खरीददार को स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क, संपत्ति कर आदि समस्त खर्चों का भुगतान स्वयं करना होगा। (7) विक्रय संपत्ति पर बकाया शासकीय एवं अन्य भुगतान की जिम्मेदारी खरीददार की होगी। (8) प्राधिकृत अधिकारी को यह पूर्ण अधिकार होगा की वह किसी भी बोली प्रस्ताव / प्रस्तावों को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर दें या फिर बिना कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्थगित अथवा निरस्त कर दें। (9) बैंक द्वारा विक्रय की पुष्टि होने के पश्चात एवं भुगतान की शर्तों का अनुपालन होने पर। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विक्रय प्रमाण पत्र सफल निविदाकर्ता के नाम से ही जारी किया जावेगा। इसमें किसी अन्य व्यक्ति/संस्था का नाम जोड़ना/हटाना संभव नही होगा। (10) संपत्तियों की नीलामी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियमों/निर्धारित शर्तों के अधीन की जा रही है। **(11) नीलामी हेतु निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 29/09/2025 शाम 05:00 बजे तक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय- राजनांदगांव, मुदडा कुंज के पास, जी. ई. रोड, राजनांदगांव (छ.ग.) में जमा लिया जायेगा**। (12) यदि किसी कारण से नीलामी की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो नीलामी अगले कार्यदिवस में संपन्न होगी।

दिनांक : 22/09/2025

**प्राधिकृत अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
**क्षेत्रीय कार्यालय - राजनांदगांव**



**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ETCTEECOR BBS202508, दिनांक : 16.09.2025

**कार्य का नामः** पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड, सम्बलपुर एवं वाल्टियर मण्डल में बहि:स्रोत के माध्यम से डिजिटल अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्टर (USFD) द्वारा रेल एवं AT (अग्जिलियरी ट्रांसफॉर्मर) वेल्ड का अल्ट्रासोनिक परीक्षण एवं विभिन्न चिह्नित मार्ग/ सेक्शन में नवीनतम संशोधन स्लिप सहित रेल/वेल्ड (संशोधन-2012) के अल्ट्रासोनिक परीक्षण के लिए नवीनतम संशोधन स्लीप एवं मैनुअल के साथ रेल/वेल्ड के अल्ट्रासोनिक परीक्षण हेतु (संशोधन-2020) को पढ़ने के साथ-साथ भारतीय रेलवे मानक विनिर्देशन (Standard Specification) के अनुसार उसकी सूचना देना (Reporting) (जॉइन्ट वेंचर सदस्य की अनुमति नहीं है)।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 7,10,25,915, EMD (रुपये में): 5,05,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 09.10.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जावेगा, भले ही वह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जावेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

उप मुख्य अभियन्ता/ट्रैक/ भुवनेश्वर

PR-624/Q/25-26



**मानक निविदा आमंत्रण संछिप्त सूचना**
**कार्यालय,नगर पंचायत छुईखदान,**
**जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गडंई (छ.ग.)**

क्रमांक/524/लो. नि.शा./निविदा न.पं./2025-26 दिनांक 22/09/2025

**मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सड़क/ भवन एसओआर 01.01.2015 पर कम / सामान / अधिक दर पर 15वें वित्त आयोग अनटाईड फंड अन्तर्गत स्वीकृत 04 कार्य लागत राशि 12.06 लाख हेतु दिनांक 15/10/2025 को कार्यालयीन अवधि समय 03:00 बजे तक पंजीकृत डाक /स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निर्माण कार्य हेतु निविदा प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है। एक लिफाफे में टेंडर दर। दूसरे में स्व प्रमाणित समस्त दस्तावेज एवं अमानत राशि का डी.डी./एफ.डी.आर. तथा तीसरे लिफाफो में इन दोनों लिफाफों को भरकर इसके उपर कार्य का नाम, पाने वाले का नाम तथा प्रेषक का पूर्ण नाम / पता लिख कर जमा करना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय | 07/10/2025 को शाम 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय | 07/10/2025 को शाम 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15/10/2025 को दोप. 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15/10/2025 को दोप. 04:00 बजे के बाद |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी / प्राप्त की जा सकती है। किसी प्रकार का संशोधन विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जाएगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी।

" अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें "
" जल ही जीवन है "

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुईखदान


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5997

**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 5996 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | य | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6007

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करें, मुकाबला है ही नहीं : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों को जबर्दस्त प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करने का आग्रह किया है चूंकि उनकी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह से दबदबा रहा है। भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को रविवार को छह विकेट से हराया। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोनों टीमों का सामना 15 बार हुआ है और भारत ने 12 बार जीत दर्ज की है। रविवार के मैच के बाद पाकिस्तान के एक सीनियर पत्रकार ने दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में अंतर के बारे में पूछा तो सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा ,' सर, मेरी गुजारिश है कि आप भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद कर दें।' जब पत्रकार ने कहा कि वह प्रदर्शन के स्तर की बात कर रहे हैं, प्रतिद्वंद्विता की नहीं , इस पर भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा,' प्रतिद्वंद्विता और स्तर सभी बराबर है। प्रतिद्वंद्विता कहां है। अगर दो टीमें 15 मैच खेले और 8-7 का आंकड़ा हो तो प्रतिद्वंद्विता होती है। यहां तो 13-1 या ऐसा ही कुछ है। कोई मुकाबला ही नहीं है।''



■ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत - पाक का 15 बार सामना, टीम इंडिया ने 12 बार जीता मुकाबला

## आग और बर्फ की तरह हैं शुभमन और अभिषेक

सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को ' आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,' यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरुआत की जरुरत थी और दोनों ने वह दी।' पंजाब में अंडर 12 दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकाएं बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा,' मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है। जब आप पारी की शुरुआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरुरी है। एक रन लेने के लिए एक नजर का इशारा ही काफी होता है। जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है।'

## पाकिस्तानी खिलाड़ी का बिना वजह भिड़ना पसंद नहीं : अभिषेक

जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 गेंद में 74 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों का बेवजह लड़ने का इरादा उन्हें पसंद नहीं आया, जिसकी वजह से बहस हुई। अभिषेक और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने मैच के बाद कहा,' जिस तरह से पाकिस्तानी खिलाड़ी बिना वजह हमसे भिड़ रहे थे, मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया और उनका इलाज आक्रामक बल्लेबाजी से ही करना था।' पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी से अभिषेक और गिल की बहस हुई । गिल के साथ साझेदारी के बारे में अभिषेक ने कहा,' हम स्कूली दिनों से साथ खेल रहे हैं और एक दूसरे के साथ खेलने में मजा आता है। हमें लगा कि आज बड़ी साझेदारी बनाएंगे। जिस तरह से वह खेल रहा था, मुझे बहुत मजा आ रहा था।

## बल्लेबाजी करना आसान नहीं था : सलमान

पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में हर विभाग में उन्नीस साबित हुई और पहले दस ओवर के बाद बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया था। पहले दस ओवर में 91 रन बनाने के बाद पाकिस्तान अगले दस ओवर में 80 रन ही बना सके। आगा ने कहा,' बल्लेबाजी में हमने बेहतर प्रदर्शन किया, जो अच्छी बात है। हमने जिस तरह से शुरुआत की थी, 15 रन और बनाने चाहिए थे लेकिन पहले दस ओवर के बाद गेंद नरम हो गई और बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा।' उन्होंने कहा,' हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी नहीं की और इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।'



## खबर संक्षेप



### 1 अक्टूबर को भारत आएंगे बोल्ट, खेलेंगे फुटबॉल मैच

मुंबई। फर्राटा धावक उसैन बोल्ट 1 अक्टूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएंगे। 8 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे।

### गांगुली फिर बने सीएबी अध्यक्ष

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने छह साल के अंतराल पर बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष के रूप में अपनी वापसी पर ईडन गार्डन्स की क्षमता को बढ़ाकर एक लाख के करीब करने के साथ अगले साल के टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैचों की मेजबानी हासिल करने को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल किया।



गांगुली को सीएबी की 94वीं वार्षिक आम बैठक में निर्विरोध चुना गया। वह इससे पहले 2015 से 2019 तक सीएबी अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं।उन्होंने यह भी वादा किया कि 14 नवंबर को जब भारत विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा, तो ईडन गार्डन्स में टेस्ट क्रिकेट की वापसी सुचारू रूप से सुनिश्चित करेंगे। गांगुली 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। 53 साल के पूर्व बल्लेबाज ने अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लिया, जिन्हें छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद पद छोड़ना पड़ा। गांगुली ने कहा कि उनकी तात्कालिक जिम्मेदारी नवंबर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले पहले टेस्ट की तैयारी करना होगी।

### दिव्या को फिडे विश्व कप के लिए मिला वाइल्ड कार्ड

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को 31 अक्टूबर से 27 नवंबर तक गोवा में होने वाले फिडे विश्व कप 2025 के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। दिव्या को यह वाइल्ड कार्ड एक प्रतिभागी के अंतिम समय में नाम वापस लेने के बाद किया गया है।



नागपुर की 19 साल की इस खिलाड़ी ने हाल ही में फिडे ग्रैंड स्विस में भाग लिया था। वह इस एकल-एलिमिनेशन प्रतियोगिता में 20 अन्य भारतीयों के साथ शामिल होंगी, जिसका नेतृत्व मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश करेंगे। फिडे ने कहा, 'एक प्रतिभागी के अंतिम समय में नाम रद्द होने के बाद दिव्या को मौका दिया गया है। जू वेनजुन और होउ यिफान ने पहले ही निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था। हर दो साल में होने वाले विश्व कप में दुनिया के 206 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तीन सप्ताह तक मिनी-मैचों के नॉकआउट प्रारुप में मुकाबला करते हैं।

## एशिया कप में आज रात 8 बजे से अहम मुकाबला

# सुपर 4 की जंग: आखिरी मौका, आर-पार की लड़ाई में श्रीलंका-पाकिस्तान आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। गत चैंपियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी20 एशिया कप में उसके 8 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई। दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया, जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी।



### पाकिस्तान को हर हालत में दर्ज करनी होगी जीत

भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रिकवरी के लिए अधिक समय भले ही नहीं मिला हो लेकिन सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पूर्व कप्तान बाबर आजम और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कमी उन्हें बल्लेबाजी में बुरी तरह खली है। उसके बल्लेबाज तकनीक और तेवर के मामले में अनुभवहीन साबित हुए। भारत के खिलाफ शीर्षक्रम के बल्लेबाजों साहिबजादा फरहान, फखर जमां और सईम अयूब ने उम्मीदें जताई और अच्छी शुरुआत देते हुए एक विकेट पर 90 रन बनाए। अयूब ने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में पाकिस्तानी बल्लेबाज लय कायम नहीं रख सके। गेंदबाजी में भी लेग स्पिनर अबरार अहमद सिर्फ ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही कामयाब रहे और भारतीय बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं कर सके।

### श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम

दूसरी ओर श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम है । दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की। ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक जमाने वाले पाथुम निसांका अब लय दोबारा हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और स्थिरता दे सकते हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने प्रभावित किया है, जो टूर्नामेंट में छह विकेट ले चुके हैं। स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुष्मंता चामीरा , चरित असलंका और शनाका ने भी योगदान दिया है।

### संभावित टीमें

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

**श्रीलंका :** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## कोरिया ओपन

# भारत की ओर से जोरदार टक्कर देंगे प्रणय-आयुष





एजेंसी ▶▶| सुवोन

■ सात्विक और चिराग नहीं खेलेंगे टूर्नामेंट

इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे एचएस प्रणय और उदीयमान सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। हांगकांग और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सत्र में कई टूर्नामेंटों के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गए थे। वह एक क्वालीफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे और दूसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेल सकते हैं।

### आयुष का सामना चीनी ताइपै के यांग से

इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन विजेत 22 वर्ष के आयुष का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा। किरण जॉर्ज को पहले दौर में सिंगापुर के लोह कीन यू के रूप में कठिन चुनौती मिली है। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुम वरदानी से होगा। युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की टक्कर जापान के यूइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगी।

## क्रिकेट

# डिकॉक ने संन्यास से लिया यू-टर्न पाक के खिलाफ वनडे-टी20 में खेलेंगे



दक्षिण अफ्रीका की टीम खेलेंगी 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने सीमित ओवरों से संन्यास लेने का अपना फैसला वापस ले लिया, जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए इस प्रारुप की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो पिंडली में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से इस नए सत्र का आगाज करेगा।

### 2023 में वनडे क्रिकेट से ले लिया था संन्यास

डिकॉक ने सीमित ओवर प्रारुप में अपना पिछला मैच 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप में खेला था। उन्हें नामीबिया में होने वाले एकमात्र टी20 मैच के लिए भी टीम में जगह मिली है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद तत्कालीन कोच रॉब वाल्टर ने उन्हें टी20 टीम में शामिल नहीं किया था क्योंकि वह उनकी लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में निश्चित नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने इस खिलाड़ी से चर्चा करने के बाद उन्हें सीमित ओवरों की दोनों राष्ट्रीय टीमों में शामिल किया है।

### डिकॉक ने खेले 155 वनडे मैच, बनाए 6770 रन

कॉनराड ने कहा, ' डिकॉक का सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए लौटना हमारे लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। हमने पिछले महीने जब उनके भविष्य के बारे में बात की थी तो यह साफ था कि उनमें अब भी देश के प्रतिनिधित्व करने की मजबूत इच्छा है। हर कोई जानता है कि वह टीम में क्या गुणवत्ता लाते हैं और उनका वापस आना टीम के लिए फायदेमंद ही होगा।' डिकॉक ने अब तक 155 वनडे मैचों में 45.74 की औसत और 96.64 के स्ट्राइक रेट से 6770 रन बनाए हैं।

## गन शॉट सेलिब्रेशन

# फरहान की बदजुबानी - 'मुझे परवाह नहीं...'



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान बंदूक चलाने के अंदाज मे आक्रामक जश्न मनाने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने कहा कि उन्हें इसकी परवाह नहीं है कि लोग क्या सोचते हैं। भारत ने सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को हराकर बहुदेशीय टूर्नामेंटों में चिर प्रतिद्वंद्वी पर अपना दबदबा कायम रखा। फरहान ने मैच के बाद कहा,' वह जश्न महज एक पल था। मैं अर्धशतक जमाने के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाता लेकिन अचानक मेरे जेहन में आया कि आज जश्न मनाते हैं। मैंने वही किया। मुझे नहीं पता कि लोग इसे कैसे लेंगे। मुझे इसकी परवाह नहीं है।' उन्होंने कहा,' आपको पता ही है कि जब भी खेले, आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहिए। यह जरूरी नहीं कि भारत के ही खिलाफ। हर टीम के खिलाफ आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहिए , जैसे कि हमने आज खेला।'

# महिला क्रिकेटरों के अनूठे टैटू : किसी ने बनवाया हनुमानजी तो किसी ने बंगाल टाइगर और बाज की आकर्षक आकृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले सप्ताह आखिरी वनडे मैच में 72 रन बनाने वाली भारत की अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में बाएं हाथ पर बने हनुमानजी के टैटू से उन्हें ताकत और प्रेरणा मिलती है।

दीप्ति ने कहा,'मैंने अपने बाएं हाथ पर हनुमानजी का टैटू बनवा रखा है । जब भी जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं तो वह मुझे शक्ति देते हैं।' भारत के लिए 80 वनडे में 1891 रन बनाने के साथ 91 विकेट ले चुकी दीप्ति ने कहा,'मैचों में भी जब मुझे समझ में नहीं आता कि क्या करूं तो उनके बारे में सोचती हूं । इससे मुझे शक्ति और आगे के बारे में सकारात्मक सोच मिलती है।''








### स्नेहा ने बनवाया 'विद्रोही' वाला टैटू

अब भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के पहले मैच में भारत को 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका से खेलना है। वहीं स्पिनर स्नेह राणा ने भी दो टैटू बना रखे हैं, जिनमें से पहले पर 'विरोधी' और दूसरे पर ' तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है। इस बारे में उन्होंने कहा,' हाल ही में मैंने एक टैटू बनवाया है, जिस पर विरोधी लिखा है, जिसके मायने हैं किसी मकसद से बागी। अगर हालात मेरे खिलाफ हैं तो मैं उनसे पार पाना चाहती हूं।' भारत के लिए 22 वनडे और 22 टी20 खेल चुकी 31 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा,' इसके अलावा एक और टैटू पर तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है, जो संयम रखने में मदद करता है। मैंने पिंडली पर शेर और बाज का टैटू भी बनवाया है । शेर साहस, नेतृत्व और स्वतंत्रता के लिए जबकि बाज अपने तेज गेंदबाज और चौकस नजर के लिए।'

### रिचा ने बनवाया स्थायी टैटू

सोलह बरस की उम्र में 2020 में भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने वाली हरफनमौला रिचा घोष ने बाए हाथ पर बाघ (बंगाल टाइगर) का टैटू बनाया है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली घोष ने कहा,' यह खास है क्योंकि बंगाल टाइगर है और मैं भी बंगाल से हूं।' उन्होंने कहा,'भारत के लिए खेलने से पहले बंगाल की अपनी एक सीनियर प्रतिभा राणा के साथ यात्रा करते समय उन्होंने मेरे हाथ पर बाघ का स्कैच बनाया। मैंने अपने परिवार से कहा कि अगर भारतीय टीम में मेरा चयन हो गया तो मैं स्थायी टैटू बना लूंगी।'

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
HMS हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282


RCP
INFRATECH PVT. LTD.
READY TO USE
VIP CITY
A City in The City
महाबचत
05% से ₹ 5,00,000/- का इस नवरात्रि में
BUNGALOWS, SHOPS & OFFICES AVAILABLE
PLOT'S AVAILABLE ON SECTOR-07
* Terms & Conditions Apply
Follow us on :
@VIPCITYRPR
CALL-812 000 8290
Member of : CREDAI CHHATTISGARH
RERA REGISTERED PROJECT :
(VIP VILLAS/SHOP) RERA NO. : PCGRERA130223001603
SECTOR-07 RERA NO.: PCGRERA050625001937
www.rera.cgstate.gov.in
A Project by
RCP Infratech Pvt. Ltd.
Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.),
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in
Scan this QR code to find us Google Maps
फायनेंस उपलब्ध
LIC HFL
kotak
HDFC
SBI
Follow us on : /vipcityrpr /vipcityrpr







**RAIPUR: AVANTI VIHAR**: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | **MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD**: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | **SPARSH AUTOMOBILES:** 9926003332 | **BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | **DURG BYPASS:** CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042| **DURG: PULGAON CHOWK:** SPARSH AUTOMOBILES: 7987561390| **JAGDALPUR:** SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | **BHATAGAON:** HDN MOTORS: 7909800009. **SARONA:** VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | **DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com